डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 अंक : 88 पेज: 8 जयपुर, शुक्रवार, 07 मार्च 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

## प्रधानमंत्री ने स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में सहकारिता पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को 7 लोक कल्याण मार्ग पर सहकारिता क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सहकारिता क्षेत्र में तकनीकी प्रगति के माध्यम से परिवर्तन लाने के लिए "सहकार से समृद्धि" को बढ़ावा देने, सहकारिता में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की योजनाओं और सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न पहलों पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री ने भारतीय सहकारिता क्षेत्र के विस्तार के लिए वैश्विक सहकारिता संगठनों के साथ साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया और सहकारिता संगठनों के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने निर्यात बाजारों पर ध्यान केंद्रित करने और कृषि पद्धतियों में सुधार के लिए सहकारिता समितियों के माध्यम से मृदा परीक्षण मॉडल विकसित करने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने वित्तीय लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए यूपीआई को रुपे केसीसी कार्ड के साथ एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला और सहकारिता संगठनों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता संगठनों की संपत्तियों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने सहकारी खेती को अधिक टिकाऊ कृषि मॉडल के रूप में बढ़ावा देने का सुझाव दिया। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में कृषि और संबंधित गतिविधियों का विस्तार करने के लिए डिजिटल पब्लिक इन्फ्रा स्ट्रनक्चकर (एग्रीस्टैक) के इस्ते माल की सिफारिश की, जिससे किसानों को सेवाओं तक बेहतर पहुंच मिल सके। शिक्षा के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने स्कूलों, कॉलेजों और आईआईएम में सहकारिता पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए सफल सहकारिता संगठनों को बढ़ावा देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने यह भी कहा कि युवा स्नातकों को योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और सहकारिता संगठनों को उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक किया जाना चाहिए, ताकि प्रतिस्पर्धा और विकास को एक साथ बढ़ावा दिया जा सके।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सहकारिता नीति और पिछले साढ़े तीन वर्षों में सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करते हुए, मंत्रालय ने व्यापक परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 का मसौदा तैयार किया है। राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 का उद्देश्य सहकारिता क्षेत्र के व्यवस्थित और समग्र विकास को सुविधाजनक बनाना है, जिसमें महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण आर्थिक विकास में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसका उद्देश्य सहकारिता आधारित आर्थिक मॉडल को बढ़ावा देना और एक मजबूत कानूनी और संस्थागत ढांचा स्थापित करना है। इसके अलावा, नीति का उद्देश्य सहकारिता समितियों के जमीनी स्तर पर प्रभाव को गहरा करना और देश के समग्र विकास में सहकारिता क्षेत्र के योगदान को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।

अपनी स्थापना के बाद से, मंत्रालय ने सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए सात प्रमुख क्षेत्रों में 60 पहल की हैं। इन पहलों में राष्ट्रीय सहकारिता डेटाबेस और कम्प्यूटरीकरण परियोजनाओं के माध्यम से सहकारिता संस्थाओं का डिजिटलीकरण, साथ ही प्राथमिक कृषि साख समितियों (पीएसीएस) को मजबूत करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने सहकारी चीनी मिलों की दक्षता और स्थिरता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

भारत सरकार ने सहकारी समितियों के लिए "संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण" के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया है, जिसमें पीएसीएस के स्तर पर 10 से अधिक मंत्रालयों की 15 से अधिक योजनाओं को एकीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप, सहकारी व्यवसायों में विविधता आई है, अतिरिक्त आय सृजन हुआ है, सहकारी समितियों के लिए अवसरों में वृद्धि हुई है और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच में सुधार हुआ है। इन सहकारी समितियों के गठन के लिए वार्षिक लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं। सहकारिता शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने और कुशल पेशेवर प्रदान करने के लिए, आईआरएमए आनंद को "त्रिभुवन सहकारिता विश्वविद्यालय" में परिवर्तित करने और इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनाने के लिए एक विधेयक संसद में पेश किया गया है।

प्रधानमंत्री को सहकारी समितियों के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। भारत की अर्थव्यवस्था में सहकारी क्षेत्र के योगदान, विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण विकास और आर्थिक समावेशन पर प्रकाश डाला गया। बैठक के दौरान इस बात पर प्रकाश डाला गया कि वर्तमान में देश की आबादी का पांचवां हिस्सा सहकारी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जिसमें 30 से अधिक क्षेत्रों में फैली 8.2 लाख से अधिक सहकारी संस्थाएं शामिल हैं, जिनकी सदस्यता 30 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की है। अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में सहकारी समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

बैठक में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास, प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नितिन गडकरी ने बेहतर सड़क सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया




नई दिल्ली। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेहतर सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया और सड़क निर्माण उद्योग से नई प्रौद्योगिकियों एवं टिकाऊ पुनर्चक्रणीय निर्माण सामग्री को अपनाकर सड़क सुरक्षा को बढ़ाने हेतु रणनीतियां विकसित करने का आहवान किया।

गुरुवार नई दिल्ली में "विजन जीरो: सस्टेनेबल इंफ्राटेक एंड पॉलिसी फॉर सेफर रोड्स" विषय पर आयोजित दो-दिवसीय ग्लोबल रोड इंफ्राटेक समिट एंड एक्सपो (जीआरआईएस) का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए, गडकरी ने कहा कि इस देश में होने वाली अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं सड़कों के डिजाइन, निर्माण एवं प्रबंधन में सिविल इंजीनियरिंग से संबंधित खराब कार्यप्रणालियों तथा अनुचित सड़क संकेत एवं मार्किंग प्रणालियों के कारण होती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इन दोषों को स्पेन, ऑस्ट्रिया एवं स्विटजरलैंड जैसे देशों में अपनाए जा रहे उपायों का अनुकरण करके दूर किया जा सकता है।

भारत में कुल 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 1,80,000 लोगों की मृत्यु हुई है और लगभग 4,00,000 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें से 1,40,000 दुर्घटना जनित मौतें 18-45 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की हुई हैं और इनसे अधिकतर दोपहिया वाहन चालक एवं पैदल यात्री प्रभावित हुए हैं। गडकरी ने कहा कि इन दुर्घटनाओं से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 3 प्रतिशत की आर्थिक हानि होती है।

सड़कों की खराब योजना एवं डिजाइन के कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए इंजीनियरों को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराते हुए, केन्द्रीय मंत्री ने घटिया विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरकार का लक्ष्य 2030 तक दुर्घटना दर को 50 प्रतिशत तक कम करना है।

सुरक्षित बुनियादी ढांचे के निर्माण में शिक्षा के महत्व और सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़ी आदतों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए, गडकरी ने उद्योग जगत और सरकार से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समाधान खोजने में परस्पर सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कानून के सख्त प्रवर्तन और उत्तरदायी आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ-भारत चैप्टर (आईआरएफ-आईसी) द्वारा आयोजित इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य नवाचार को प्रेरित करना, उद्योग प्रदाताओं के अत्याधुनिक समाधानों को प्रदर्शित करना, ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा सरकारी निकायों एवं निजी संगठनों के विशेषज्ञों व निर्णयकर्ताओं के लिए नेटवर्किंग के मूल्यवान अवसरों का मार्ग प्रशस्त करना है।

अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) के अध्यक्ष एमेरिटस के. के. कपिला ने कहा, "गोष्ठी-सह-एक्सपो मोड में आयोजित इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एक ऐसा समग्र अनुभव प्रदान करना है जो विभिन्न प्रारूपों को सहजता से मिश्रित करके इस उद्योग में शिक्षा, प्रेरणा और प्रगति को बढ़ावा दे।" आईआरएफ एक वैश्विक सड़क सुरक्षा निकाय है, जो दुनिया भर में बेहतर एवं सुरक्षित सड़कों के लिए काम कर रहा है।

इस अवसर पर आईआरएफ, जिनेवा की महानिदेशक सुश्री सुजाना ज़म्माटारो, आईआरएफ-इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह और आईआरएफ के उपाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे।

## विभिन्न पर्वों को लेकर जिला कलेक्टर ने ली शांति समिति की बैठक

### -उपद्रव फैलाने व बाइक लहराने वाले उत्पाती युवकों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई



नागौर, (रॉयल पत्रिका)। जिले में 13 व 14 मार्च को होली व धूलंडी पर्व मनाया जाएगा तथा जुमे की नमाज भी अदा की जाएगी। इसके बाद 6 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 12 अप्रैल को हनुमान जयंती, 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती व 29 अप्रैल को परशुराम जयंती आदि विभिन्न पर्व मनाए जाएंगे। इन विभिन्न पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समिति सदस्यों के साथ बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी सदस्य जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्यौंहार मनाने में सहयोग करें।उन्होंने कहा कि त्यौंहार को त्यौहार की भावना से मनाएं तथा पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में शांति बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूर मोहम्मद ने बताया कि विभिन्न पर्वों पर किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर पुलिस को सूचना दें तथा अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित न होने दें। उन्होंने कहा कि त्यौंहार को सामाजिक समरसता और भाईचारे के साथ मनाया जाएं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। किसी भी समुदाय को परेशानी होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंपालाल जीनगर ने शांति और कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की अनहोनी होने या कोई अप्रिय घटना होने की दशा में जिला मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम के नंबर 01582-240-830 पर तुरंत सूचित करें।

**इन पर रहेगी विशेष नजर**

जिले में मनाए जाने वाले विभिन्न पर्वों को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय बनाए रखते हुए पूर्ण सजगता के साथ कार्य करेंगे, इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न उत्सवों पर उपद्रव मचाने वाले, उपद्रव करने वाले तथा शराब पीकर उत्पाद मचाने एवं खुले हुड की जीपों व साइलेंसर से पटाखे फोड़ने वाले बाइक चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस टीमों द्वारा चिन्हित स्थानों पर समय समय पर गश्त भी की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न उत्सवों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतें, इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करें।

## प्रतियोगिता परीक्षा-2024 के अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि, जेंडर के अतिरिक्त प्रविष्टियों में संशोधन का अवसर

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष (संस्कृत कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगिता परीक्षा-2024 का आयोजन 4 से 6 मई 2025 तक करवाया जाना प्रस्तावित है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार 7 मार्च से 13 मार्च 2025 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगें।

**ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क व प्रक्रिया—**

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से रू. 500/- का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई-मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**वांछित अहर्ता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन विदड्रा—**

निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अथवा अनुभव धारित नहीं होने के उपरांत भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के अंतर्गत एवं आयोग की आगामी भर्ती प्रक्रिया से वंचित करने की कार्यवाही की जा सकती है। अतः ऐसे अभ्यर्थी भी उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित कर सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विदड्रा बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित किया जा सकता है।

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण

### —शिविर में लापरवाही बरतने वाले तीन कार्मिकों को किया निलंबित




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में पंजीयन करवाकर रोजाना हजारों किसान 11 अंकों की विशिष्ट पहचान हासिल कर रहे हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने अधिकारियों को किसान रजिस्ट्री शिविर में प्रत्येक किसान का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। चाकसू के छांदेलकलां में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर के औचक निरीक्षण के दौरान शिविर में माकूल व्यवस्था एवं आवश्यक इंतजाम नहीं होने पर जिला कलक्टर ने सख्त नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद जिला कलक्टर के निर्देशानुसार राजकार्य में लापरवाही बरतने वाले चांदेलकलां शिविर में नियोजित संबंधित पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं कृषि परिवेक्षक को निलंबित कर दिया। तहसीलदार चाकसू एवं नायब तहसीलदार चाकसू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, छांदेलकलां में शिविर प्रभारी भू अभिलेख लेख निरीक्षक को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट जारी की गई है। वहीं, जिला कलक्टर ने बस्सी के ग्राम पंचायत दुधली में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने रजिस्ट्री काउंटर सहित सभी विभागों के काउंटर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। जिला कलक्टर ने इस दौरान शिविर में मौजूद आमजन से संवाद भी किया और सभी किसानों से शिविर में पंजीयन करवाने एवं विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जयपुर जिले में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशुपालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जा रहा है।

एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 31 मार्च 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जा रही है।

गौरतलब है कि शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। अपनी ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन सहित अन्य जानकारियां हासिल करने के लिए आमजन एवं किसान दूरभाष नंबर 0141-2209905, 0141-2209906 पर संपर्क कर सकते हैं।

## राजस्थान में पानी चोरी पर होगी कड़ी कार्रवाई



जयपुर | राजस्थान विधानसभा के आधी रात के सत्र में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने पानी चोरी को लेकर बड़ा ऐलान किया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पानी चोरी करने वालों पर अब सख्त कानून लागू किया जाएगा। इसके तहत दोषियों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जलदाय मंत्री ने कहा कि राज्य में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है, ऐसे में पानी की बर्बादी और चोरी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार पानी के संरक्षण के लिए हर जरूरी कदम उठाने जा रही है और पानी चोरी रोकने के लिए अलग से टीम भी बनाई जाएगी। इस आधी रात के सत्र में अन्य जल परियोजनाओं और पानी सप्लाई सुधार को लेकर भी चर्चा हुई। सरकार का फोकस है कि गर्मी के मौसम में किसी भी इलाके में पानी की किल्लत न हो और लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके

## गौशालाओं को देय अनुदान राशि में हो रही निरंतर वृद्धि - गोपालन मंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार गौशालाओं के रख-रखाव के लिए संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बजट वर्ष 2024-25 में गौशालाओं को देय अनुदान सहायता राशि में 10 फीसदी की वृद्धि की गई थी। अब बजट वर्ष 2025-26 में भी 15 फीसदी की वृद्धि के लिए घोषणा की गई है। गोपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 4 हजार 140 गौशालाएं संचालित हैं। इनमें से 3 हजार 43 गौशालाएं इस वर्ष अनुदान सहायता राशि के लिए पात्र है। नियमानुसार गौशाला में 100 गौवंश की संख्या होने पर अनुदान दिया जाता है।

# प्रदेश में जल सुरक्षा स्थापित करना हमारा लक्ष्य- मुख्यमंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पंचतत्वों में से एक 'जल' प्रकृति की संजीवनी सम्पदा है। इसके बिना प्राणियों एवं वनस्पतियों के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रथम बजट से ही प्रयास रहा है कि वर्षभर पेयजल, सिंचाई और उद्योगों के लिए जल उपलब्ध हो। इससे प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के साथ किसानों एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली का हमारा संकल्प पूरा होगा। राज्य में जल सुरक्षा स्थापित करना हमारा लक्ष्य है।

रावत बुधवार को विधान सभा में जल संसाधन एवं इन्दिरा गांधी नहर परियोजना (मांग संख्या-42) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने जल संसाधन एवं इन्दिरा गांधी नहर परियोजना की 73 अरब 82 करोड़ 72 लाख 73 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों से जल परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। 'विकास भी-विरासत भी' के अनुरूप प्रदेश को जल सुरक्षित राज्य बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में कुल 10 हजार 20 करोड़ रुपए का बजट आवंटित हुआ है। इसमें जल संसाधन के लिए 8 हजार 147.78 करोड़ और इन्दिरा गांधी नहर के लिए 1 हजार 872.20 करोड़ रुपए का आवंटन है।

रावत ने कहा कि राज्य में कृषि योग्य सिंचित भूमि 272.11 लाख हैक्टेयर है। इसमें से वर्तमान में सतही जल परियोजनाओं द्वारा सिंचित क्षेत्र लगभग 39.36 लाख हैक्टेयर है। राज्य में सतही जल लगभग 25.38 बिलियन क्यूबिक मीटर है तथा राज्य को विभिन्न अंतर्राज्यीय जल समझौतों के तहत 17.88 बिलियन क्यूबिक मीटर जल निर्धारित है। इसे देखते हुए राज्य सरकार माइक्रो सिंचाई पद्धति पर विशेष ध्यान दे रही है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सरकार ने जल भंडारण के लिए नए बांध, बैराज और एनीकट निर्माण के साथ पूर्व निर्मित जल ढांचों की क्षमता बढ़ाने के कार्य हाथ में लिए हैं। जल अपवर्तन एवं जल की कमी झेल रहे क्षेत्रों के लिए परिवहन तंत्र के निर्माण, सोलर आधारित स्प्रिंकलर सिंचाई, नए कमांड क्षेत्र के विकास एवं पुराने की पुर्नस्थापना, जल परियोजनाओं को जल की उपलब्धता, नहरी तंत्र के निर्माण के साथ मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं रख-रखाव कार्य, बाढ़ बचाव कार्य, लुप्तप्रायः नदियों के पुनर्जीवन तथा जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**रामजल सेतु लिंक परियोजनाः नए स्वर्णिम युग की शुरुआत**

रावत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय प्रारंभ 'नदी जोड़ो' की परिकल्पना हमारी सरकार के प्रयासों से संशोधित पीकेसी (ईआरसीपी) के बाद अब राम जल सेतु लिंक परियोजना के रूप में मूर्त रूप ले रही हैं। परियोजना से जल की उपलब्धता प्रदेश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक स्थायित्व को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं केंद्र सरकार के मध्य एम.ओ.ए दिसंबर, 2024 में हस्ताक्षरित हुआ। दोनों प्रदेशों के लिए नए स्वर्णिम युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि गत सरकार ने योजना में कोई सार्थक प्रयास नहीं किए। जल शक्ति मंत्री स्तर पर मुख्य बैठकों में उपस्थित नहीं होने के साथ योजना को लटकाया जाता रहा।

रावत ने कहा कि परियोजना के प्रथम चरण में 1 हजार 60 करोड़ रुपए की लागत से बने कालीसिंध पर निर्मित नवनेरा बैराज का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसम्बर, 2024 को लोकार्पण किया था। इसी कार्यक्रम में 9 हजार 416 करोड़ रुपए लागत से निर्माण कार्यों का शिलान्यास हो चुका है। इसमें कूल नदी पर रामगढ़, पारबती नदी पर महलपुर बैराज, चम्बल नदी पर जलसेतु सहित नवनेरा बैराज से बीसलपुर बांध तथा ईसरदा बांध में जल अपवर्तन तंत्र का निर्माण शामिल है।

परियोजना में जल की उपलब्धता जल संसाधन मंत्री ने कहा कि परियोजना के तहत राज्य को कुल 4 हजार 102.60 एमसीएम जल प्राप्त होगा। इसमें 522.80 एमसीएम पुनःचक्रित जल भी शामिल है। उपलब्ध 4102.60 एमसीएम जल में से पेयजल के लिए 1 हजार 744 एमसीएम, उद्योगों के लिए 205.75 एमसीएम, नए क्षेत्र में सिंचाई के लिए 1 हजार 159.38 एमसीएम, पूर्व निर्मित बांधों में सिंचाई की पुनर्स्थापना के लिए 615.43 एमसीएम जल का प्रावधान किया गया है। परियोजना में आवंटित जल में से लगभग 44 प्रतिशत हिस्सा पेयजल के लिए रखा है।

हमारी सरकार ने प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र को संशोधित पीकेसी परियोजना में 4 लाख 3 हजार हैक्टेयर तक किया गया है। इसमें वृहद् एवं मध्यम तथा अन्य लघु सिंचाई परियोजनाओं के साथ कई तालाबों में जल अपवर्तित करने का प्रावधान रखा है। इसके लिए 44 हजार 517 करोड़ रुपए के कार्यों के लिए स्वीकृतियां जारी हो गई हैं, जिसमें से 9416 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ हो गए हैं। साथ ही, 12 हजार 64 करोड़ रुपए की निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं।

# जाम्बिया के प्रतिनिधिमंडल ने ली राज्य के सहकारी आन्दोलन और कार्यप्रणाली की जानकारी





जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सहकारिता विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत प्रदेश भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दि जयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. द्वारा बुधवार को बैंक के प्रधान कार्यालय में जाम्बिया से आये प्रतिनिधिमंडल को बैंक की कार्यप्रणाली एवं राज्य में संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल अन्य देशों का दौरा कर वहां के सहकारी आन्दोलन तथा कार्यप्रणाली का अध्ययन कर रहे हैं। इसी के तहत जाम्बिया का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भारत के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने दि जयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. के साथ ही अपेक्स बैंक, बीलवा ग्राम सेवा सहकारी समिति एवं बड़ का बालाजी प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का भी दौरा कर कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा। दि जयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य में सहकारी आन्दोलन को प्रभावी और सार्थक बनाने तथा विभिन्न सहकारी योजनाओं की आमजन तक पहुंच सुलभ कराने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही, योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार एवं प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जाम्बिया से आये प्रतिनिधिमंडल ने भी इस दौरान अपने देश के सहकारी आन्दोलन से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल ने भारत में 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक संजय पाठक, महाप्रबंधक श्री पी.के. नाग, दि जयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार शर्मा एवं अधिशाषी अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने जोधपुर में ली जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक - राज्यपाल



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने क्षेत्रीय विकास एवं सामुदायिक उत्थान की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को जरूरतमन्दों तक पहुंचाकर खुशहाली लाने के लिए समर्पित होकर प्रयास करने का आह्वान किया है। राज्यपाल बागडे ने गुरुवार को जोधपुर में मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिलास्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह आह्वान किया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी गई। राज्यपाल ने इस अवसर पर केन्द्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति एवं प्राप्त उपलब्धियों, भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार हेतु योजना एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागारिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किये जा रहे प्रयास तथा हिन्द विस्थापितों की स्थिति एवं सुरक्षा पर्यवेक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और सम सामयिक हालातों पर जानकारी ली। राज्यपाल ने इस दौरान विभिन्न योजनाओं विशेषकर महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जल ग्रहण घटक), पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) आदि की समीक्षा करते इनसे अधिकाधिक लोगों को लाभांवित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सॉयल हैल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उद्यान विभाग की योजनाओं नेशनल हैल्थ मिशन, यूनिसर्वल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम (यूआईपी), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री खनन क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना/जीवन ज्योति बीमा योजना, ई-नाम परियोजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न केन्द्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं की बिन्दवार विस्तार से समीक्षा की और इनमें लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति के निर्देश दिए।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने कहा कि राज्य सरकार हर घर नल से जल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव ढ़ाणी तक पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा रहे है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री बुधवार को विधान सभा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (मांग संख्या-41) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने विभाग की 118 अरब 66 करोड़ 49 लाख 47 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं।

**जल जीवन मिशन में राज्य की स्थिति में हुआ सुधार**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि गत सरकार में जल जीवन मिशन में प्रदेश की रैंक लगातार न्यूनतम स्तर पर रही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व से इस स्थिति में सुधार आया है। गत सरकार में जल स्रोतों की व्यवस्था किए बिना पेयजल कनेक्शन दिये गये। हमारी सरकार ने इस कमी को दूर कर विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर पेयजल कनेक्शन देने का कार्य किया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि जेजेएम के तहत 42 हजार से अधिक गांवों को पेयजल कनेक्शन देने के लिए 93 हजार 427 करोड रूपए की योजनाएं स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ जिले के कोटडी में लागत की 10 प्रतिशत जन सहभागिता के माध्यम से सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। गत सरकार द्वारा 10 प्रतिशत जन सहभागिता नहीं लेने से जेजेएम का सफल संचालन बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि अमृत 2.0 योजना के तहत शहरी निकायों में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई है।

वर्तमान सरकार द्वारा 2 हजार 67 नये नलकूप एवं 2 हजार 916 नये हैण्डपम्प शुरू किये गये है। 2 लाख 91 हजार से अधिक खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत कर पुनः चालू किया गया है। पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 1 लाख 14 हजार से अधिक जल नमूनों की रासायनिक एवं जीवाणु जांच की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग में सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के 683 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। वहीं जीव विज्ञानी, कनिष्ठ रासायनिज्ञ, निजी सहायक ग्रेड-II, कनिष्ठ सहायक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित एक हजार से अधिक पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

**अवैध पेयजल कनेक्शन पर कड़ी कार्यवाही**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि अवैध पैयजल कनेक्शन प्रदेश में पेयजल योजनाओं के सफल संचालन में बड़ी बाधा है। इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही करते हुए कनेक्शन विच्छेद कर जुर्माना लगा रहे है। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन हटाने के लिए सभी को सजग रहते हुए अपना कार्य करना होगा। जलदाय मंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए विभाग द्वारा सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। फील्ड विजिट कर आमजन से फीडबैक लिया जा रहा है। योजनाओं का मौका मुआयना कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार पाये जाने पर उचित कार्यवाही हो रही है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश में पम्पिंग स्टेशनों हेतु सौर ऊर्जा का उपयोग करने की योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

**राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज एक्ट 2025 का प्रारूप तैयार**

जलदाय मंत्री ने कहा कि राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज एक्ट 1979 में जल के दुरूपयोग को रोकने, अवैध जल संबंधों पर लगाम लगाने, बूस्टर नहीं लगाने तथा विभाग के कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार व मारपीट करने वालों को दण्डित करने के प्रावधानों का अभाव था। राज्य सरकार ने आरडब्लूएसएससी एक्ट 2025 का प्रारूप तैयार कर लिया है जिसमें उपरोक्त कृत्यों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में पेयजल उपभोक्ताओं को नया नल कनेक्शन लेने की वर्तमान जटिल प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब जल सम्बन्ध के लिए आवेदन पत्र प्राप्त होने पर एकल मांग पत्र राशि रूपये 8100 प्रति जल सम्बन्ध का प्रावधान किया गया है।

इससे भावी जल उपभोक्ताओं को रोडकट अनुमति, मीटर खरीदने एवं नलकार इत्यादि के लिए अलग-अलग एजेन्सियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि पेयजल उपभोक्ताओं की शिकायतों को समय पर निस्तारण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाते हुए कंज्यूमर सेट्रिंक अप्रोच के तहत शिकायतकर्ता की शिकायत को दर्ज करने एवं एण्ड टू एण्ड निस्तारण सुविधायुक्त कज्यूमर कॉल सेन्टर स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न पेयजल परियोजनाओं के लिए जयपुर जिले हेतु 2 हजार 675 करोड़ एवं अजमेर हेतु 1 हजार 77 करोड रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। इससे आने वाले समय में वर्ष 2053 तक की जनसंख्या के अनुसार कार्य हो सकेगें।

# पालीघाट में घड़ियाल रियरिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी - वन राज्य मंत्री

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि घड़ियाल संरक्षण की दृष्टि से प्रदेश के पालीघाट, सवाई माधोपुर में घड़ियाल रियरिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में घड़ियाल के अण्डों को नदी के आसपास के क्षेत्रों से उठाकर इन्क्यूबेशन पिट में रख कर उनका पालन किया जाएगा तथा उसके बाद उन्हें नदी में छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि नदी में छोड़ने से पूर्व इन घड़ियालों की टैगिंग की जाएगी, ताकि इनकी जीवितता की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके। वन राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से रणथम्भौर में गेस्ट हाउस संचालित करने के संबंध में परीक्षण करवा कर वित्तीय उपलब्धता के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले विधायक जितेंद्र कुमार गोठवाल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में वन राज्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के बिंदु संख्या 129 के सब बिंदु 2 के अनुसार घड़ियाल संरक्षण की दृष्टि से सवाई माधोपुर में पालीघाट के निकट घड़ियाल रियरिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा। आगामी वित्तीय 2025 -26 में घोषणा के अनुरूप में कार्य करवाया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 को —राजस्व मंडल में बैंच गठित

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत आपसी समझाईश योग्य राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करने को लेकर राजस्व मंडल स्तर से बैंच का गठन किया गया है। अतिरिक्त निबंधक (न्याय) हेमन्त स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत के लिए राजस्व मण्डल स्तर से सदस्य राजेश कुमार दड़िया (न्यायिक अधिकारी) व सदस्य मदनलाल नेहरा की बैंच का गठन किया गया है। राजस्व मण्डल अजमेर में 08 मार्च , शनिवार को प्रातः 10:30 बजे दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया जायेगा जिसमें पक्षकारों के मध्य आम सहमति व समझाईश के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। लोक अदालत हेतु अब तक 119 प्रकरण चिन्हित कर लिये गये हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के द्वारा जारी निर्देशों की पालना में राजस्व मण्डल में सेवानिवृत्त आर.ए.एस अधिकारी सुरेश कुमार सिन्धी को मार्गदर्शक नियुक्त कर 18 फरवरी से 21 फरवरी तक पक्षकारों के साथ समझाईश / काउन्सलिंग का कार्य किया गया। राजस्व मंडल स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत को पूर्ण सफल बनाने की दिशा में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# खिल भारतीय अग्रवाल महिला संगठन ने 21 प्रतिभाशाली महिलाओं का किया सम्मान




**शब्बीर हुसैन**

बारां.(रॉयल पत्रिका) अखिल भारतीय अग्रवाल महिला जिला संगठन इकाई बारां की महिला जिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 1 मार्च से 8 मार्च तक मनाया जाता है उसी के अंतर्गत 5 मार्च को अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने 21 प्रतिभावान महिलाओं जो अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने वाली महिलाओं का सम्मान किया कड़ी मेहनत वह प्रतिभा से समाज में अपनी अलग छवि बना रही है हम सभी जानते हैं कि एक सशक्त समाज की नींव तभी मजबूत होती है जब उसमें महिलाओं को समान अधिकार अवसर और सम्मान प्राप्त हो इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने अपनी हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित की है चाहे वह राजनीति हो शिक्षा हो विज्ञान हो खेलो या फिर व्यवसाय सभी में अपने झंडे गाड़े हैं जिला महामंत्री मधु गोयनका ने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए पिछले 7 सालों से हमारा संगठन प्रतिभाशाली महिलाओं के सम्मान करता आ रहा है जिसमें वकील, मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाली, सलाहकारिता, नर्सिंग स्टाफ, आंगनबाड़ी बीमारियों वह टीकाकरण परिवार जनकल्याण स्वरोजगार दिलाने सिलाई प्रशिक्षण तंबाकू मुक्त में कार्य करने वाली आदि क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष बबली अग्रवाल ने बताया कि जिसमें डॉक्टर राजश्री जोशी, गोल्डी सिंह नीतू, ममता रेबारी, सुनीता जी, सीमा जी, ए एन एम मंजू जेलपा, लक्ष्मी बाई, प्रियंका प्रियंका कुमारी, पुष्पा शर्मा, संगीता, अनीता चौरसिया, मोना मीना सेन, आशा, सोनू, आशा बंगाली, भारती गौतम, प्रियंका सोनी, सुरभि, संतोष गुप्ता, अमृता विश्वास आदि 21 महिलाओं का सम्मान किया इस अवसर पर संगठन की शकुंतला गोयल उषा गोयल सांगोद गायत्री बंसल शोभा बंसल सुनीता गोयल सुनीता बंसल अर्चना गुप्ता अर्चना नगर किरण अग्रवाल विद्या अग्रवाल आशा गुप्ता श्वेता अग्रवाल, अंजना गोयल, अनीता जैन, शीला गोयल, नीलू गर्ग, बबीता गर्ग, आरती जिंदल उपस्थित रही।

# आगामी वित्तीय वर्ष में 5 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की मरम्मत के कार्य प्रस्तावित - महिला एवं बाल विकास मंत्री

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुविधाओं का विस्तार करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में 5 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की मरम्मत का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा 2024 -25 के क्रम में प्रदेश के 2 हजार 365 केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन मरम्मत, सुदृढ़ीकरण, विद्त् फिटिंग, विद्त् उपकरण, बाल सुलभ शौचालय, बाल सुलभ फर्नीचर, पोषण वाटिका एवं अन्य आवश्यक कार्य किये जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की जाती है। वर्ष 2025 -26 की बजट घोषणा के क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को देय मानदेय में आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही इनकी सेवानिवृति पर एकमुश्त ग्रेच्युटी का प्रावधान किया जाना भी प्रस्तावित है। वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के नियमितीकरण के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है। उन्होंने कहा कि पोषाहार वितरण में तकनीकी समस्या आने की वर्तमान में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस प्रकार की शिकायत आने पर राज्य सरकार द्वारा का शीघ्र परीक्षण करवाकर समाधान किया जाएगा। इससे पहले विधायक राजेंद्र के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र महवा में संचालित कुल 250 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 0-3 वर्ष व 3 से 6 वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। विगत 5 वर्षों में लाभान्वितों की संख्या का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जानकारी दी कि किशोरी बालिकाओं के लिये योजना केवल 5 आशान्वित जिलो में संचालित है, जिसमें दौसा जिला शामिल नहीं है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने विधान सभा क्षेत्र महवा में विगत 5 वर्षों में चिन्हित किये गये एवं पूरक पोषाहार से लाभान्वित किये गये कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों की संख्या का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महवा में किशोरी बालिकाओं के लिये योजना लागू नहीं है। विधान सभा क्षेत्र महवा में संचालित कुल 250 आंगनबाड़ी केन्द्रों की ग्राम पंचायत/ नगरपालिकावार सूची उन्होंने सदन के पटल पर रखी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र महवा में आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का मापदंड पूर्ण करने वाले कुल 8 गांव/ ढाणी जहां आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, की सूची भी सदन के पटल पर रखी।

# मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए विशेष अभियान - गृह राज्य मंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री रोकने के लिए समय समय पर विशेष अभियान चलाकर अपराधियों की धरपकड़ की जाती है। नशे के खिलाफ जन जागरुकता अभियान चलाए जाते हैं। नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मादक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई की जाती है। तस्करी तथा अवैध बिक्री में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार किया जाता है। उनकी सम्पत्ति जब्त की जाती है। साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने के लिए नशा मुक्ति केन्द्रों का संचालन भी सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा भी इस संबंध में संज्ञान लेते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। गृह राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी रोकने के लिए सजगता से कार्रवाई की जा रही है। अधिक समस्याग्रस्त जिलों में जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देकर टीमों का गठन भी किया गया है। साथ ही पकड़े गए अपराधियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ पुलिस की मिलीभगत की कोई शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसी कोई भी शिकायत आने पर कठोर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे पहले विधायक रामनिवास गावडिया के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि जिला हनुमानगढ में विगत 03 वर्षों में चिट्टा मादक पदार्थ की तस्करी के कुल 404 प्रकरण दर्ज हुए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त दर्ज 404 प्रकरणों में 894 मुल्जिमों को गिरफ्तार किया गया तथा 354 प्रकरणों मं चालान न्यायालय में पेश किये गये व 50 प्रकरणों में अनुसंधान जारी है। उन्होंने इसका विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए किये गये प्रयासों एवं कार्यवाही का विवरण भी सदन के पटल पर रखा।

# जैतसागर नाले से अतिक्रमण हटाकर तुरंत शुरू करवाएं कार्य – जिला कलक्टोर



बूंदी, (रॉयल पत्रिका)। जैतसागर नाले के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने के संबंध में गुरुवार को जिला कलक्ट्र अक्षय गोदारा ने आरयूआईडीपी एवं नगर परिषद के अधिकारियों के साथ जैतसागर नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टनर ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर अतिक्रमण के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है, ऐसे अतिक्रमण को हटाया जाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्हों ने संवेदक को निर्देश दिए कि और अधिक टीमें लगाकर कार्य शुरू करवाया जाए और बरसात के मौसम से पहले इसको पूर्ण करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग टीमें बनाकर निर्माण कार्य की गति को बढ़ाया जाए। उन्हों ने मीरा गेट क्षेत्र, महावीर कॉलोनी, नैनवा रोड पुलिया, मजिस्ट्रे ट कॉलोनी, एसपी ऑफिस क्षेत्र में नाले का जायजा लिया।

इस दौरान नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड़, आरयूआईडीपी के अधिकारी मौजूद रहे।

# एजुकेशन हब के साथ ही ट्यूरिज्म हब के रूप में विकसित होगा कोटा



कोटा, (रॉयल पत्रिका)। एजुकेशन हब के नाम से मशहूर कोटा को अब ट्यूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए कोटा के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, यहां की वाइल्ड लाइफ सहित यहां की समृद्ध संस्कृति और विरासत की ब्रांडिंग की जाएगी। कोटा को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर लाने के प्रयासों एवं यहां पर्यटन में निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को कोटा विकास प्राधिकरण के सभागार में संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल हुए होटल एसोसिएशन, ट्यूरिज्म डवलपमेंट सोसायटी, एसएसआई एसोसिएशन एवं पर्यटन से जुड़े प्रतिनिधियों ने कोटा को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में तय किया गया कि कोटा को पर्यटन की दृष्टि से देश विदेश में हाईलाइट करने के लिए ट्रैवल एजेन्ट एवं टूर ऑपरेटर्स का अप्रेल माह के पहले सप्ताह में 2 दिवसीय ट्यूर एवं सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में ब्लॉगर, यूट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फलूएंसर्स एवं मीडिया के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। आमंत्रित अतिथियों को रिवर फ्रंट, सिटी पार्क, गराडिया महादेव जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की विजिट कराई जाएगी। इसके साथ ही सेमिनार एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोटा को पर्यटन सिटी के रूप में विकसित करने पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संभागीय आयुक्त ने कहा कि एजुकेशन सेक्टर को मजबूत बनाने के साथ ही कोटा में पर्यटन को भी बढावा देना होगा। उन्होंने गरडिया महादेव, मुकुन्दरा हिल्स, दरा, प्राचीन मथुराधीश मंदिर सहित शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हाइलाइट करने एवं सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से इनकी जानकारी देश-विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने होटल एसोसिएशन, व्यापार महासंघों, उद्योग जगत एवं आमजन को साथ लेकर पर्यटन को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन की जहां बात होती है हाडौती क्षेत्र अछूता सा महसूस होता है। हमें पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध इस क्षेत्र की विशेषताओं को देश-विदेश तक पहुंचाना होगा। यह सभी के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कोटा डोरिया साडी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता जताई। बैठक में होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से कोटा में अपार संभावनाएं हैं। यहां के पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए देशभर के टे्वल एजेन्ट एवं टूर ऑपरेटर्स के साथ ही मीडिया एवं सोशल मीडिया से जुडे लोगों को जोडने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि होटल एसोसिएशन व्यवस्थाओं में पूरी तरह सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही दिसम्बर माह में कोटा महोत्सव का भव्य आयोजन संभव हुआ था।

एसएसआई के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने एडवेंचर ट्यूरिज्म, ईको टूरिज्म, वाइल्ड लाइफ ट्यूरिज्म को बढावा देने के साथ ही लॉजिस्टिक सर्विसेज को बेहतर बनाने का सुझाव दिया। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के महासचिव संदीप पहाडिया ने कोटा की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग के संबंध में सुझाव दिए। ओ-ए एंटेरटेनमेंट्स जेवी जयपुर के प्रतिनिधि हेमजीत मालू ने महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों की फोटोग्राफी एवं शॉर्ट वीडियो फिल्म आदि के माध्यम से एवं सोशल मीडिया इन्फलूएंसर्स, यूट्यूबर्स के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में सुझाव दिए। हाडौती ट्यूरिज्म सोसायटी कोटा के आरएस तोमर, एसएसआई एसोसिएशन के मनीष माहेश्वरी ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

केडीए के आयुक्त ऋषभ मंडल ने दो दिवसीय ट्यूर एवं सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सेमिनार एवं कार्यशाला में विभिन्न थीम पर चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में सचिव कुशल कोठारी, उप वन संरक्षक वन्यजीव अनुराग भटनागर, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग हरिमोहन शर्मा, उप निदेशक पर्यटन विकास पांड्या, उपाधीक्षक यातायात अशोक मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह-2025 अन्तर्गत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से 2 से 8 मार्च, 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

उप निदेशक महिला अधिकारिता अमित गुप्ता ने बताया कि 3 मार्च को राजकीय उच्च माध्यमिक संस्कृत विद्यालय साहू नगर में बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढाओं एवं महिला सशक्तिकरण थीम पर चित्रकला, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में ईशा वर्मा प्रथम, सोनिया कौर द्वितीय एवं अंजली तृतीय स्थान पर रही। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में तानिया प्रथम, आरूषी द्विती य एवं प्रिया प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गुनगुन बैरवा प्रथम, हेमलता खटीक द्वितीय एवं निशा मेरोठा तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विजेता बालिकाओं को मोमेन्टो भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

इसी प्रकार 4 मार्च को महात्मा गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय, कटला शहर सवाई माधोपुर में बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढाओं एवं महिला सशक्तिकरण थीम पर चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में कल्पना प्रथम, सुमन महावर द्वितीय एवं पायल खंगार तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में देवकी खंगार प्रथम, मनीषा प्रजापति द्वितीय एवं माहीन तृतीय स्थान पर रही। विजेता बालिकाओं को मोमेन्टो भेंट कर पुरस्कृत किया गया। वहीं 5 मार्च को जिले की सभी ग्राम पंचायतों पर साथिनों द्वारा विशेष जाजम सखी चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। 6 मार्च को प्रत्येक ग्राम पंचायत पर साथिनों के द्वारा महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं की एनिमियां जांच करवाई गई तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र से परामर्शदाता अनीता कंवर, प्रिया तेहरिया, डीएचईडब्ल्यू से अनन्या तिवारी तथा जीतेन्द्र बहादुर जेन्डर स्पेस्लिस्ट द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।

# खादी और ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार पाली दौरे पर

पाली, (रॉयल पत्रिका)। खादी और ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार जिले में एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत पाली आएंगे। निर्धारित यात्रा कार्यक्रमानुसार खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार 7 मार्च को अपराहं 12:05 बजे जोधपुर से रवाना होकर दोपहर 01:20 बजे पाली आएंगे। वे यहां जय अम्बे फार्म एण्ड रिसोर्ट में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत मशीन एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे पुनः जोधपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# झुंझुनूं एकेडमी शटलर लोकेश गुर्जर को मिली विक्टर कंपनी से स्पॉन्सरशिप




झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। झुंझुनूं एकेडमी विज़्डम सिटी हमेशा से ही नवाचारों की कर्मस्थली रही है। शैक्षिक क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान रचने के बाद खेल क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। आज इसी कड़ी में झुंझुनूं एकेडमी स्कूल के कक्षा पाँच के दस वर्षीय छात्र लोकेश गुर्जर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नवलगढ़ के मोहनवाड़ी निवासी एवं नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट बैडमिंटन प्लेयर लोकेश गुर्जर पुत्र तेजपाल गुर्जर को खेल उपकरण बनाने वाली ताइवान की प्रसिद्ध विक्टर कंपनी ने खेल जगत की उभरती प्रतिभा के अनुरूप स्पॉन्सर कर बैडमिंटन किट में रैकेट्स, जूत्ते, किट बैग, टी-शर्ट, ट्रैक सूट, गेम शर्ट एवं टॉवल सहित अनेक प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध करवाई है।

जानकारी देते हुए बैडमिंटन कोच नितेश कुमार ने बताया कि लोकेश को बैडमिंटन नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट होने के कारण प्रतिवर्ष विक्टर कंपनी स्पॉन्सर करती रहेगी तथा खेल सामग्री उपलब्ध करवाती रहेगी। उन्होंने बताया कि मात्र दस वर्ष की आयु में बैडमिंटन में लोकेश ने नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल जीते हैं। इसी कारण स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा भी लोकेश गुर्जर को सम्मानित किया जा चुका है। जो सम्पूर्ण राजस्थान के इतिहास में बड़ा कीर्तिमान है। लोकेश गुर्जर ने अक्टूबर 2024 अजमेर में आयोजित राजस्थान स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप मंल सिंगल एवं डबल्स दोनों वर्ग में चैम्पियनशिप जीतकर गोल्ड मेडल जीता तथा नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुआ। 4 बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तथा 2 बार सीबीएसई की नेशनल चैम्पियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल तथा 2 बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुका है। इसके अलावा लोकेश ने सीबीएसई नेशनल चैम्पियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता है। सीबीएसई द्वारा आयोजित अंडर - 14 नेशनल बैडमिंटन चैम्पियशिप में लोकेश ने ब्रॉन्ज मेडल जीता तथा एसजीएफआई नेशनल कैंप के लिए चयनित हुआ। लोकेश को 76 वें गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी सम्मानित किया जा चुका है।

झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने लोकेश गुर्जर को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह लोकेश ने बैडमिंटन को अपने आप में उतारा है, वह दिन दूर नहीं जिस दिन लोकेश बैडमिंटन में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। यह दस वर्ष का बच्चा जिस तरह से अपनी कला, प्रतिभा एवं खेल का हुनर दिखा रहा है वास्तव में यह जुनून दूसरे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि विक्टर स्पोर्ट्स सामग्री बनाने वाली अग्रणी कंपनी है जो उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु खेल उपकरण उपलब्ध करवाती है। उन्होंने कंपनी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

विक्टर कंपनी द्वारा लोकेश गुर्जर को स्पॉन्सर करने पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी एवं गरिमा मोदी , जीवेम छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्याम सुन्दर शर्मा, स्कूल प्रशासक कमलेश कुलहरि, लोकेश मे माता-पिता एवं परिवार जनों, स्कूल एवं हॉस्टल के स्टाफ सदस्यों तथा मोहनवाड़ी ग्राम वासियों ने खुशी जाहिर कर कोच नितेश कुमार व लोकेश को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद केंद्र 10 मार्च से



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिले मे रबी विपणन वर्ष 2025-2026 मे समर्थन मूल्य पर गेहूँ हेतु 4 क्रय केन्द्र निर्धारित किये गये है जिन पर गेहूं खरीद का कार्य 10 मार्च से प्रारम्भ होकर 30 जून तक किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं की खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है एवं राजस्थान सरकार द्वारा 150 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस घोषित किया गया है। इस प्रकार किसानों को गेहूं बेचान पर 48 घंटों के अंदर 2 हजार 575 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी एफसीआई रूपचन्द मीना ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम का गेहूं खरीद केंद्र अमरूद एवं फल मंडी चकचैनपुरा में संचालित होगा। अब तक खंडार मंडी में 234, बहरावंडा खुर्द मंडी में 175, सवाईमाधोपुर में 41 एवं गंगापुरसिटी में 47 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है एवं आगामी दिनों में रजिस्ट्रेशन की संख्या बढ़ने की संभावना है। इस वर्ष राजस्व जिला सवाईमाधोपुर में गेहूं खरीद लक्ष्य बारह हजार मीट्रिक टन रखा गया है। गेहूं बेचान हेतु किसानों को अपना पंजीकरण 25 जून साँय 7.00 बजे तक खाद्य विभाग, राजस्थान सरकार की वैबसाइट https://food.rajasthan.gov.in पर दिये गए गेहूं खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन के लिंक से ई-मित्र, अटल सेवा केंद्र, स्वयं अथवा अन्य माध्यम से करवाना होगा।

# जिला स्तरीय शांति समिति बैठक आयोजित, होली व धूलंडी पर कड़ी निगरानी के निर्देश



झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। होली व धूलंडी के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवलगढ़ में निकलने वाले गैर जुलूस को समय पर शुरू और संपन्न कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी अवांछनीय घटना को रोकने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जाएं। जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को होली व धूलंडी पर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, विद्त विभाग को जुलूस के मार्ग में आ रहे ढीले तारों की मरम्मत करने के लिए कहा गया, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

**असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर**

पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बैठक में कहा कि त्योहार को सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी समुदाय को परेशानी हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत गोदारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह, झुंझुनूं एसडीएम हवाई सिंह, नवलगढ़ एसडीएम जय सिंह, सीओ हरि सिंह, सीओ राजवीर सिंह, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, झुंझुनूं तहसीलदार महेंद्र सिंह मूंड, एपीआरओ विकास चाहर सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समितियों एवं स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समितियों के सदस्यों के साथ की बैठक

पाली, (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले में तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समितियों एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समितियों का गठन किया गया है।

जिला रसद अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि जिले में 4 मार्च को जिला रसद कार्यालय में तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समितियों एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समितियों के मनोनीत गैर सरकार सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नए आवेदनों के संबंध में, गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए आवेदन करवाने तथा अन्य विभागीय दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

बैठक में प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार, जितेन्द्र सिंह आशिया, वरिष्ठ सहायक केसर सिंह, संगीता तथा कनिष्ठ सहायक हेमन्त सेन एवं मनोनीत गैर सरकारी सदस्यों ने भाग लिया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बनाये जा रहे निक्षय मित्र



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चिकित्सा विभाग द्वारा नि-क्षय मित्र बनाकर टीबी मरीज़ों को पोषण सहायता प्रदान करवाई जा रही है। गुरुवार को बुचोलाई, मीना पाडा, जीवली ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों को अभियान से संबंधित जानकारी दी गयी, ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के बारे में विस्तृत चर्चा भी की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाये जा रहे हैं, जागरूकता रैली व बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा तय 6 पैरामीटर के अनुसार प्रभावी कार्य करने वाली ग्राम पंचायतो को चिन्हित कर टीबी मुक्त अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं का भी चिन्हीकरण किया जाएगा।

निक्षय मित्र प्रदान कर रहे पोषण सहायता:- जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने बताया कि टीबी के मरीजों को सहायता प्रदान करने के लिए जिले में भामाशाहों को चिन्हित व प्रेरित कर जरूरत अनुसार निक्षय मित्रो की नियुक्ति की जा रही है जिससे कि टीबी के मरीजों की देखभाल व पोषण किट समय पर जरूरत अनुसार वितरित हो सके। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के सहयोग से जिले भर में अनेक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसके साथ ही ग्राम के विभिन्न स्थानों, चौपालों, पंचायत भवन में आमजन को एकत्रित कर टीबी के लक्षणों, इलाज व बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। ताकि आमजन में टीबी के प्रति भ्रांतियों को दूर किया जा सके व मरीजो की पहचान कर उनका इलाज करवा कर जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

# 8 से 10 मार्च तक जिले में विशाल कृषि मेला, जिला कलेक्टर ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस




हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। खुशाल दास विश्वविद्यालय प्रांगण में 8 से 10 मार्च तक कृषि महोत्सव-2025, उन्नत कृषि तकनीकी मेले का आयोजन होगा। 8 मार्च को सुबह 10.30 बजे आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाबी सूफी कलाकार कंवर ग्रेवाल प्रस्तुति देंगे। कृषि महोत्सव को लेकर जिला कलेक्टर श्री काना राम ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

जिला कलेक्टर ने बताया कि हनुमानगढ़ कृषि प्रधान जिला है। कृषि मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आदान प्रबंधन, रख-रखाव एवं कृषक कल्याण योजना की जानकारी एक ही स्थान पर प्रदान करना है, ताकि किसान नवीन तकनीकों को अपनाकर कृषि में नवाचार कर सकें। देशभर से कृषि स्टार्टअप्स को इस मेले में आमंत्रित किया गया है, जो किसानों को नए अवसर प्रदान करेंगे। इसके अलावा, किसानों के लिए लाभदायक मशीनरी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। दिल्ली, हिसार और लुधियाना में जो नवाचार प्रदर्शित होते हैं, उससे भी बेहतर नवाचार इस मेले का आकर्षण रहेंगे।

**राज सखी मेला 2025, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से निर्मित अनूठे उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी**

जिला कलक्टर ने बताया कि मेले के पहले दिन सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक कृषकों का पंजीयन होगा। उद्घाटन समारोह के उपरांत दोपहर 12.30 बजे राजसखी-2025 मेले का शुभारंभ होगा। इसमें प्रदेश के कोने-कोने से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से निर्मित अनूठे उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी और उत्पाद विक्रय के लिए स्टॉल लगाई जाएगी। खरीददारों को प्रतिदिन लक्की ड्रॉ द्वारा पुरस्कार वितरण भी किए जाएंगे। यह मेला 8 से 11 मार्च तक निरंतर चलेगा। दोपहर 12.30 बजे से कृषक मेले की प्रदर्शनी एवं 250 से अधिक स्टार्टअप स्टॉल का अवलोकन कार्यक्रम होगा।

दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक देसी गाय, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर इत्यादि पशुओं की सौंदर्य प्रतियोगिता होगी। अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक ऑडिटोरियम, कृषक चौपाल, पशुपालक चौपाल में कृषक-वैज्ञानिक संवाद होगा। इसमें कृषि वैज्ञानिकों की ओर से किसानों को नवीन कृषि तकनीकी के बारे में बताया जाएगा। कृषक वैज्ञानिक संवाद के उपरांत प्रश्नोत्तरी होगी, जिसमें सही जवाब देने वाले कृषकों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

**9 मार्च को यह होंगे कार्यक्रम, हास्य कलाकार ख्याली सहारण देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

दूसरे दिन 9 मार्च को सुबह 10 से 11 बजे तक बड़े पशुओं घोड़ा, घोड़ी एवं ऊंट की सौंदर्य प्रतियोगिता होगी। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कृषक-वैज्ञानिक संवाद होगा। अपराह्न 3 बजे लाइव ड्रोन प्रदर्शन एवं अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हास्य कलाकार ख्याली सहारण, प्लेबेक सिंगर सुश्री श्रेया पालीवाल सहित राजस्थानी-पंजाबी व हरियाणवी लोक कलाकार व स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। मेला स्थल पर चंग धमाल पार्टी की प्रस्तुति होगी एवं बेहतरीन ऊंटों के नृत्य की प्रस्तुतियां होगी। शाम 4 से 6 बजे तक दुग्ध प्रतियोगिता होगा।

**10 मार्च को होगा समापन, कृषकों और पशुपालकों का होगा सम्मान**

अंतिम दिन 10 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कृषक-वैज्ञानिक संवाद एवं अपराह्न 3.30 बजे समापन समारोह होगा। समापन समारोह में कृषकों व पशुपालकों का सम्मान किया जाएगा। जिला कलक्टर ने जिले के सभी किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस मेले में हिस्सा लें और इसका पूरा लाभ उठाएं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुरु गोबिंद सिंह चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा, कृषि संयुक्त निदेशक प्रमोद यादव भी मौजूद रहे।

# टैक्स चोरी के हथकंडों को देख रह जाएंगे दंग

## इनकम दिखाई कम, खर्चों ने खोली पोल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इनकम टैक्स रिटर्न के दौरान आमदनी दिखाने में हेराफेरी हो रही है। इनकम टैक्स की चोरी में लोग कैसे-कैसे हथकंडे लगा रहे हैं, उन्हें देख आप भी दंग रह जाएंगे। इनकम की तुलना में आमदनी को काफी कम दिखाया जा रहा है। आयकर विभाग ने बीते कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में कई ऐसे मामलों को पकड़ा है, जिसमें आमदनी की तुलना में खर्च दो से तीन गुना तक पाए गए। विभाग ने आयकरदाता के वाहन पर लगे फास्टैग से यात्रा, यूपीआई से लेनदेन और पासपोर्ट के जरिए विदेश यात्रा तक की जानकारी जुटाई। उसके बाद रिटर्न दाखिल करने वाले आयकरदाता और उसके परिवार के सदस्यों का सालाना खर्च जोड़ा गया तो पूरा मामला पकड़ में आया।

**संदिग्ध इनकम टैक्स रिटर्न की हो रही जांच-** इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट से जुड़े सूत्र बताते हैं कि बीते कुछ महीनों से विभाग ऐसी संदिग्ध इनकम टैक्स रिटर्न की जांच कर रहा है, जिनमें उसे संदेह है कि आयकरदाता के पास व्यापार या नौकरी के अतिरिक्त कोई दूसरा जरिया भी है। या फिर जिस श्रेणी का व्यापार आयकरदाता द्वारा किया जा रहा है, उसमें लाभ




का प्रतिशत काफी अधिक होता है, लेकिन रिटर्न में आमदनी को सीमित करके दिखाया गया। ऐसे मामलों में टैक्स चोरी को पकड़ने के लिए विभाग ने एक मैन्युअल तैयार किया, जिसमें तय किया गया कि आयकरदाता के स्वयं और परिवारों के सालाना खर्च को खंगाला जाए। पहले चरण की जांच में पता चला कि खर्च आमदनी से करीब तीन गुना तक है।

**घरेलू खर्च में भी हेराफेरी-** इतना ही नहीं, लोग घरेलू खर्च में भी हेराफेरी कर रहे हैं। घर आयकरदाता या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर है, लेकिन उसका हाउस टैक्स, मैंटेनेंस और रसोई गैस तक का बिल अपने कर्मचारी या अन्य व्यक्ति के नाम पर चालू किए गए बैंक खाते व यूपीआई से चुकाया जा रहा है। ऐसे करदाताओं से विभाग ने लिखित में उनका सालाना खर्च का ब्योरा और लेनदेन का सारा रिकॉर्ड मांगा और फिर अपनी द्वारा जुटाई गई जानकारी को रखा तो उसका आयकरदाता संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इनमें से कुछ करदाता जुर्माना भरने पर सहमत हुए हैं।

### ऐसे पकड़े गए मामले

एक कारोबारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपनी आमदनी 10 लाख रुपये से कम दिखाई गई। इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने परिवार के सदस्यों और उनके नाम पर चल रहे बैंक खातों और यूपीआई के जरिए लेनदेन की जानकारी जुटाई। जांच में पता चला कि परिवार में पांच सदस्य हैं, जिनमें से कमाने वाला एक है, लेकिन सभी के अपने बैंक खाते हैं, जिन पर यूपीआई संचालित है। सभी के यूपीआई से करीब आठ लाख रुपया खर्च हुआ।

### नौकरों के यूपीआई से किया जा रहा पेमेंट

कुछ ऐसे मामले भी पकड़ में आए हैं, जिनमें देखा गया कि टैक्सपेयर्स घरेलू खर्चों के लिए अपने यहां काम करने वाले कर्मचारियों व नौकरों के नाम पर खाते खोलकर उनकी यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे है। आयकरदाताओं से बीते तीन वर्षों में घर के गैस कनेक्शन का बिल, इंटरनेंट खर्च, घर का मैंटेनेंस पेमेंट की रसीद मांगी गई तो पता चलता कि भुगतान परिवार के सदस्य के यूपीआई आईडी एवं बैंक खाते से नहीं किया गया।

- फास्टैग के जरिए वाहन की पूरी जानकारी जुटाई जा सकती है। एक वर्ष में वाहन कितने किलोमीटर चला, कहां-कहां यात्रा की और उस यात्रा का औसत खर्च निकाला अब आसान हुआ।
- यूपीआई के जरिए पर्यटन से जुड़ी जानकारी को जुटाना आसान हुआ। कई मामलों में नियमित खर्चों को लिंक पकड़ा गया, लेकिन यूपीआई से सिर्फ एक बार खर्च दिखाया गया।
- एक मामले में यूपीआई के जरिए कोचिंग की एक महीने की फीस भरी, लेकिन बाद में उसका भुगतान नकद में किया गया।
- परिवार संग यात्रा पर गए, लेकिन खर्च को नहीं दिखाया गया। जबकि फास्टैग से जानकारी मिली कि वह परिवार के साथ यात्रा पर थे, लेकिन होटल का बिल, खाने-पीने और शॉपिंग का खर्च नकद में किया गया।

# बजाज एलियांज लाइफ बना बीमा-एएसबीए सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**पुणे एजेंसी।** भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ, बीमा-एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (बीमा-एएसबीए) सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है।

बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इरडाई की इस पहल के तहत पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं। इसके जरिए वे अपने बैंक खाते में एक तय राशि (2 लाख रुपए तक) ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। यह पैसा तब तक खाते में ही रहेगा जब तक बीमा कंपनी अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर लेती। अगर 14 दिनों के भीतर आवेदन पूरा नहीं होता या प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जाता है, तो यह राशि अपने आप ग्राहक के खाते में वापस आ जाती है। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होता है कि पॉलिसी खरीदार का पैसा खाते में ही बना रहे और उस पर ब्याज मिलता रहे। बजाज एलियांज लाइफ ने अपने भुगतान भागीदारों के साथ मिलकर यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक शुरू कर दी है।

इस बारे में बात करते हुए बजाज एलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, 2047 तक सबके लिए बीमा के लक्ष्य के अनुरूप, इरडाई पारदर्शिता, भरोसे और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन कदम उठा रहा है।

# पोको ने लांच किया पोको एम7 5जी

**मुंबई एजेंसी।** भारत का प्रमुख परफॉर्मेंस के दम पर चलने वाला स्मार्टफोन ब्रांड, पोको अपने नए पोको एम7 5जी के लॉन्च के साथ एक बार फिर बजट सेगमेंट में हलचल मचा रहा है। यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो कम कीमत में ज्यादा खूबियां चाहते हैं। पोको एम7 5जी सिर्फ 9999 की अविश्वसनीय कीमत पर मिलेगा और यह अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा 6.88 इंच का डिस्प्ले और 120 ॥5 का अल्ट्रा-स्मूथ एडाप्टिव रिफ्रेश रेट देने वाला एकमात्र स्मार्टफोन है। चाहे आप लगातार बिंज वॉच करें, गेम खेलें या स्क्रॉल करते रहें, पोको एम7 5जी एक शानदार और आंखों को आराम देने वाला अनुभव प्रदान करेगा। स्नैपड्रैगन0 4 जेन 2 चिपसेट, 12जीबीरैम (6जीबी टर्बो रैम) और 5 160एमएएच की बैटरी से लैस, यह हैवी यूजर्स के लिए भी स्मूथ और बिना रुकावट वाली परफॉर्मेंस देता है। और जो लोग यादगार पलों को कैद करना पसंद करते हैं, उनके लिए 50एमपी का सोनी सेंसर कम रोशनी में भी एकदम साफ और स्पष्ट तस्वीरें


# बजाज एलियांज लाइफ बना बीमा-एएसबीए सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**पुणे, एजेंसी।** भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ, बीमा-एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (बीमा-एएसबीए) सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इरडाई की इस पहल के तहत पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं। इसके जरिए वे अपने बैंक खाते में एक तय राशि (2 लाख रुपए तक) ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। यह पैसा तब तक खाते में ही रहेगा जब तक बीमा कंपनी अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर लेती। अगर 14 दिनों के भीतर आवेदन पूरा


# लीजेंड्स ऑफ़ शिवा का शुभारंभ

**मुंबई, एजेंसी।** नॉन-फ़िक्शन केटेगरी में आगे रहने वाली कंपनी वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, अमीश के साथ पूरे गर्व से लीजेंड्स ऑफ़ शिवा का शुभारंभ कर रही है, जो इसकी प्रशंसित लीजेंड्स सीरीज़ का लेटेस्ट एडिशन है। लीजेंड्स ऑफ़ रामायण की ज़बरदस्त सफलता के बाद, यह तीन-भाग की सीरीज़ दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाएगी। इसे मशहूर लेखक अमीश त्रिपाठी होस्ट करेंगे। शो 3 मार्च 2025 से हर सोमवार रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी+ पर आएगा। यह उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से होकर गुजरता है, जहाँ शिव के कुछ सबसे पूज्य मंदिर स्थित हैं। उत्तराखंड में, अमीश शिव के प्रतीक, विरासत और समय से परे उनके प्रभाव की खोज करते हैं। उनकी यात्रा चोराबारी ताल की रहस्यमय ऊंचाइयों से शुरू होती है, जहाँ कहा जाता है कि शिव ने अस्तित्व के रहस्यों को साझा किया था। फिर वे केदारनाथ के पवित्र ज्योतिर्लिंग तक पहुँचते हैं, जहाँ उनकी कथा सदियों से संजोई गई है। अमीश एक प्राचीन गुफा में भी जाते हैं, जिसके बारे में माना जाता है कि वह ब्रह्मांड कि सबसे बड़ी रहस्यमयी जगह है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में, शिव को विश्वनाथ, ब्रह्मांड के रक्षक, और काल भैरव, समय के संरक्षक, के

# टॉप्स अचार बनाने वाली कंपनी गिरी अडानी विल्मर की झोली में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपने बाजार में फॉर्च्यून ब्रांड का खाना पकाने का तेल जरूर देखा होगा। कंपनी इसी ब्रांड से आटा, चावल, बेसन, सत्तू आदि भी बनाती है। इस ब्रांड की ऑनर कंपनी का नाम अडानी विल्मर लिमिटेड है। कंपनी ने मंगलवार को एक बड़ा ऐलान किया। कंपनी ने बताया कि वो जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग (इंडिया) को खरीदने जा रही है। जीडी फूड्स टॉप्स ब्रांड के नाम से सॉस और अचार, चटनी आदि बनाती है। दिल्ली की इस कंपनी की कीमत 603 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### कई चरणों में होगा सौदा

बताया गया है कि यह सौदा कई चरणों में होगा। पहले चरण में अडानी विल्मर 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। बाकी के 20 प्रतिशत हिस्से अगले तीन सालों में खरीदे जाएंगे। जीडी फूड्स के शेयर की कीमत 603 करोड़ रुपये तय हुई है। इसका मतलब है कि पहले चरण में लगभग 483 करोड़ रुपये का पेमेंट होगा। अडानी विल्मर ने बताया कि यह सौदा पूरी तरह नकद में होगा। इसके लिए कंपनी अपने आंतरिक संसाधनों या आईपीओ से मिले पैसों का इस्तेमाल करेगी।




स्टॉक मार्केट को दी गई जानकारी में, अडानी विल्मर ने बताया है कि यह कदम उनकी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी कई तरह के वैल्यू-एडेड फूड प्रोडक्ट्स में उतरना चाहती है। इससे कंपनी के मुनाफे में भी बढ़ोतरी होगी। कंपनी का कहना है, इससे किचन के ज़रूरी सामानों की हमारी रेंज और भी मजबूत होगी।

**भरोसेमंद ब्रांड की जरूरत-** अडानी विल्मर के एमडी और सीईओ, अंग्शु मल्लिक ने कहा कि जैसे-जैसे बाजार बदल रहा है, भरोसेमंद राष्ट्रीय एफएमसीजी ब्रांड्स की जरूरत बढ़ रही है। ये ब्रांड्स अच्छी क्वालिटी और किफायती दामों पर किचन के लिए ज़रूरी सामान उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि इस सौदे से उनके पोर्टफोलियो में आठ नए प्रोडक्ट कैटेगरी जुड़ जाएंगे।

**अडानी ग्रुप निकल रहा है कंपनी से-** अडानी ग्रुप अडानी विल्मर में अपनी संयुक्त उद्यम हिस्सेदारी से बाहर निकल रहा है। हाल ही में उसने स्टॉक एक्सचेंज के जरिए 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। बाकी हिस्सेदारी वह अपने संयुक्त उद्यम भागीदार विल्मर इंटरनेशनल को बेचेगा।

कंपनी अपना नाम बदलकर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड भी कर लेगी। यह बदलाव कंपनी की नई दिशा को दर्शाता है। कंपनी अब खाना पकाने के तेल के अलावा और भी कई तरह के खाद्य उत्पादों में अपना कारोबार फैलाना चाहती है। इससे ग्राहकों को एक ही ब्रांड के तहत कई ज़रूरी सामान मिल सकेंगे।

### अडानी विल्मर के शेयर में तेजी

इस खबर के आम होने के बाद आज सुबह सुबह ही अडानी विल्मर के शेयर में पांच फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। बीएसई में कल इसके शेयर 239.80 रुपये पर बंद हुए थे।

# ब्लू चिप स्टॉक्स के लिए मोमेंटम रणनीति

## सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च करेगा

**मुंबई, एजेंसी।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। एक अच्छी तरह से संरचित लार्ज-कैप पोर्टफोलियो दीर्घकालिक धन सृजन का एक महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है।

सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी सीएआरई का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। यह फंड लार्ज-कैप इक्विटी में न्यूनतम 80त्न एक्सपोजर के साथ उच्चतम एसेट अलोकेशन सुनिश्चित करता है, जिससे निवेशकों को अच्छी तरह से स्थापित और मौलिक रूप से मजबूत व्यवसायों तक पहुंच मिलती है।

# क्रोमा ने आपके शहर में लायी एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा

**मुंबई एजेंसी।** क्रोमा ने अपने उपभोक्ताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए एयर कंडीशनर और कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू की है। क्रोमा की गैजेट और छोटे उपकरणों की त्वरित डिलीवरी सेवा सफलतापूर्वक चल रही है, उसी को आगे बढ़ाते हुए अब इस ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए गर्मी से राहत पाना आसान बना दिया है। क्रोमा के उपभोक्ता अब बिना किसी देरी के तुरंत ठंडक का आनंद ले सकते हैं!

अपने मन चाहे चैनल से खरीदारी करने का बहुत ही आसान शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए क्रोमा हमेशा प्रयास करता रहता है, इन्हीं प्रयासों के तहत, अब आपके नज़दीकी क्रोमा स्टोर, घ्न्श्व्द्दड्ड.ष्व्द्व और टाटा नेउ ऐप पर शाम 6 बजे से पहले ऑर्डर किए गए चुनिंदा एसी और एयर कूलर की डिलीवरी उसी दिन करने की सुविधा दी जा रही है।

इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड (क्रोमा) के सीईओ शिबाशीष रॉय ने कहा, गर्मियां बढ़ रही हैं, आपको उनसे तुरंत राहत दिलाने के लिए एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा हम प्रस्तुत कर रहे हैं। क्रोमा को आपके और भी करीब लाने के हमारे प्रयासों का यह एक हिस्सा है। हमें बहुत खुशी हो रही है कि 28 शहरों में उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू हो रही है।

# बाजार: अमेरिकी बाजारों में बढ़ेगा भारतीय उत्पादों का निर्यात; तीन देशों पर उच्च टैरिफ लगाने से बनी संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के चीन, मेक्सिको व कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में निर्यात बढ़ाने में मदद मिल सकती है। ट्रंप प्रशासन ने मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी पर टैरिफ लगा दिया है। साथ ही, सभी चीनी आयातों पर शुल्क को दोगुना कर 20 फीसदी कर दिया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत एससी रल्हन ने कहा, तीनों देशों पर टैरिफ लगाने से कृषि, इंजीनियरिंग, मशीन टूल्स, परिधान, कपड़ा, रसायन और चमड़ा जैसे क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। रल्हन ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए उच्च टैरिफ चीन, मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका को होने वाले निर्यात को प्रभावित करेंगे, क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करेंगे।इससे निर्यात के मोर्चे पर तीनों देश कम प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। यह भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा अवसर है और इन्हें अमेरिकी बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए इनका लाभ उठाना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जब अमेरिका ने चीन आयातित वस्तुओं पर उच्च टैरिफ लगाया था, तब भारत चौथा सबसे बड़ा लाभार्थी रहा था।



**संभावना...अमेरिकी कंपनियों से आएगा निवेश-** आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई का कहना है कि अमेरिका के इस फैसले से व्यापार युद्ध गहराने की आशंका बढ़ गई है। इससे भारत को अमेरिका के बाजारों में अपने निर्यात बढ़ाने और अमेरिकी कंपनियों से निवेश आकर्षित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। चीनी उत्पादों पर उच्च टैरिफ भारत के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने का अवसर भी प्रदान करता है।

# कोटा में 'कोटा केयर्स' के तहत कोचिंग स्टूडेंट्स के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

**कोटा एजेंसी।** कोटा में जिला प्रशासन ने 'कोटा केयर्स' अभियान के तहत कोचिंग स्टूडेंट्स के हित में व्यापक सुधार के लिए कई घोषणाएं की है। ये सुधार कोटा में स्टूडेंट्स हित में हो रहे बदलाव के क्षेत्र में कोटा के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेंगे। कोटा के हॉस्टल एसोसिएशन और कोचिंग के साथ मिलकर, जिला प्रशासन के सहयेग से हुई इन घोषणाओं में आवास, सुरक्षा मापदण्ड और सपोर्ट सिस्टम में बड़े बदलाव हैं जो कोटा में केयरिंग के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे। कोटा में दिसम्बर 2024 में कोटा केयर्स अभियान की शुरुआत की गई थी जो कि स्टूडेंट सपोर्ट और शैक्षिक उत्कृष्टता से परे जाकर केयरिंग के लिए एक नया इकोसिस्टम विकसित करने के उद्देश्य से थी। यह पहल जिला प्रशासन, कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल एसोसिएशन्स और स्थानीय नागरिकों को एकजुट करके स्टूडेंट्स के लिए समन्वित प्रयास है। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि कोटा केयर्स ऐसे स्टूडेंट्स के लिए प्रयास है जो सपने पूरे करने के लिए कोटा आते हैं। इन सुधारों के माध्यम से कोटा में एक सपोर्ट सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो छात्र जीवन के हर पहलू को कवर करता है। सस्ते आवास से लेकर मानसिक स्वास्थ्य और मनोरंजन की जरूरतों तक सब कुछ इसमें शामिल किया गया है। यह कोटा को एक ऐसा शहर बनाने का प्रयास है जो केयरिंग के लिए पहचाना जाए।

## एक गलती और हाथ लग गया मोतियों का खजाना

# आज राजस्थान के पर्ल किंग कहलाते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी व्यक्ति का रोजी-रोजगार खत्म हो जाए तो वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए क्या नहीं करता है। ऐसी ही कुछ कहानी है राजस्थान में जयपुर जिले के किशनगढ़ रेनवाल के रहने वाले नरेंद्र सिंह गिरवा की। उनके गांव में अधिकतर लोग खेती करते थे। लेकिन उनके पास इसके लिए पर्याप्त जमीन भी नहीं थी। इसलिए ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने स्कूल-कॉलेज के पास किताब-कॉपी और स्टेशनरी आइटम बेचने की दुकान खोल ली। इसके बाद उनके जीवन में ऐसा काल आया कि कर्ज में डूब गए। फिर ऐसा कुछ हुआ कि वह राजस्थान के पर्ल किंग बन गए।



**अचानक दुकान खाली करा लिया-** नरेंद्र कुमार ने करीब 8 साल तक स्टेशनरी शॉप चलाई थी। दुकान बढ़िया चल रही थी। इसे देख कर मकान मालिक के मन में कुछ दूसरा विचार आया। मकानमालिक ने अपने बेटे का बिजनेस सेट करने के लिए नरेंद्र से दुकान खाली करवा लिया। नरेंद्र ने वहीं आधे किलोमीटर दूर फिर दुकान खोली, लेकिन वहां उतने ग्राहक नहीं पहुंचे कि उन्हें फायदा हो। कुछ ही महीने में उन्हें 4-5 लाख रुपये का घाटा हो गया। घर चलाने के लिए प प्रतिशती की सहायता लेनी पड़ती थी। उनकी प प्रतिशती सिलाई कर जो चार पैसे कमाती थी, वह पैसे रोटी-पानी में खर्च होने लगे।

**यूट्यूब पर दुर्घटना में मिला आइडिया-** इस बीच नरेंद्र यूट्यूब पर खेती का आइडिया सीखने लगे। यूट्यूब पर सर्फिंग के दौरान एक बार गलत अक्षर टाइप हो जाने के बाद उनके सामने पर्ल फार्मिंग का वीडियो आ गया।

# अधिकारियों को मिले कई कानूनी अधिकार, कर चोरी मामले में संपत्ति जब्त कर सकता है आयकर विभाग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपने अपनी कमाई, संपत्तियों एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं के बारे में सही जानकारी नहीं देकर टैक्स चोरी की, तो उसकी जांच के लिए आयकर विभाग आपके घर की तलाशी ले सकता है।ऐसा इसलिए क्योंकि, विभाग को एक अप्रैल, 2026 से ऐसा करने का कानूनी अधिकार मिल जाएगा। विभाग को ऐसे अधिकार देने की व्यवस्था नए आयकर बिल-2025 में की गई है। विभाग कर चोरी की जांच के लिएजरूरत पड़ने पर संपत्तियां भी जब्त कर सकता है। मौजूदा आईटी अधिनियम-1961 की धारा-132 कर अधिकारियों को तलाशी लेने के साथसंपत्तियों और सभी तरह के खातों को जब्त करने का अधिकार देती है।हालांकि, ईमानदार करदाताओं को इसमें कोई परेशानी नहीं होगी। सिरिल अमरचंद मंगलदास के टैक्स विशेषज्ञ एसआर पटनायक का कहना है कि यह तलाशी और जब्ती सिर्फ अपवाद के तौर पर होनी चाहिए, न कि नियम के रूप में। डिजिटल स्पेस में हर व्यक्ति की निजता का सम्मान जरूरी है, इसलिए इस कानून का उपयोग सिर्फ ठोस कारणों के आधार पर किया जाना चाहिए।

**अज्ञात आय पर लॉकर और तिजोरी भी तोड़ सकेंगे अधिकारी-** आयकर बिल के क्लॉज-247 के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के पास अज्ञात आय, संपत्ति या खातों से संबंधित कोई जानकारी लॉकर, तिजोरी या बक्से में बंद है और उसकी चाबी नहीं है तो आयकर विभाग के पास उसे तोड़ने का भी अधिकार है। वे किसी भी इमारत और स्थान पर प्रवेश कर तलाशी ले सकते हैं।





नयनतारा ने दर्शकों और मीडिया से की अपील वे उन्हें...

# सिर्फ नयनतारा कहें लेडी सुपरस्टार नहीं

**अभिनेत्री** नयनतारा, जिन्हें उनके प्रशंसक अक्सर लेडी सुपरस्टार के रूप में संबोधित करते हैं। उन्होंने अब मीडिया और दर्शकों से अपील की है कि वे अब से उन्हें सिर्फ नयनतारा के नाम से संबोधित करें, न कि लेडी सुपरस्टार के रूप में। मंगलवार देर रात एक बयान जारी करते नयनतारा ने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में मेरी यात्रा के दौरान जो मुझे सफलता मिली और मुझे जो खुशी मिली मैं उसके लिए तहे दिल से धन्यवाद करती हूं।

उन्होंने कहा, मेरा जीवन एक खुली किताब की तरह है, जिसे बिना किसी शर्त के प्यार और स्नेह से सजाया गया है। चाहे मेरी मेरी सफलता हो या फिर मुश्किल भरा दौर, मुझे सहारा देने के लिए आप हमेशा मेरे साथ खड़े रहे। अभिनेत्री ने कहा कि कई लोगों ने उन्हें लेडी सुपरस्टार के नाम से पुकारा है, जो उनके अपार स्नेह की वजह से मिला नाम है। उन्होंने कहा, मुझे इस तरह के नाम से नवाजने के लिए मैं आप सभी की बहुत आभारी हूं। हालांकि, मैं आप सभी से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि मुझे नयनतारा कहकर पुकारें। ऐसा इसलिए क्योंकि मुझे लगता है कि यह नाम मेरे दिल के सबसे करीब है। यह दर्शाता है कि मैं कौन हूं - न केवल एक अभिनेत्री के रूप में बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी।

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उपाधियां और प्रशंसाएं अमूल्य हैं, लेकिन वे कभी-कभी ऐसी छवि भी बना देती हैं, जो सितारों को उनके काम, उनकी कला और दर्शकों के साथ उनके बिना शर्त वाले बंधन से अलग कर देती हैं।

मेरा मानना है कि हम सभी प्यार की भाषा साझा करते हैं, जो हमें सभी सीमाओं से परे जोड़े रखती है। मुझे बहुत खुशी है कि आपका अटूट समर्थन निरंतर बना रहेगा, और इसलिए आपका मनोरंजन करने के लिए मेरी कड़ी मेहनत भी जारी रहेगी। सिनेमा ही है जो हमें एकजुट रखता है, आइए हम इसे एक साथ मनाते रहें।





# वेट इश्यू पर सुम्बुल तौकीर को सपोर्ट करती दिखीं रुपाली

## एक्ट्रेस भी रही हैं ट्रोलिंग का शिकार

**हाल** ही में टीवी एक्ट्रेस सुम्बुल तौकीर ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग करने वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया। उन्हें लंबे समय से बढ़ते वजन के कारण ट्रोल किया जा रहा था। जब सुम्बुल ने ट्रोल्स को जवाब दिया तो टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने भी उन्हें सपोर्ट किया।

टीवी सीरियल 'इमली' के जरिए सुम्बुल तौकीर एक जाना-पहचाना नाम बन गईं। एक्टिंग के अलावा वह डांसिंग में भी काफी माहिर है। काफी फिट भी नजर आती थीं लेकिन पिछले कुछ समय से उनका वजन अचानक बढ़ गया, जिसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। ऐसे में सोशल मीडिया ट्रोल्स को सुम्बुल ने जवाब दिया। इस जवाब को टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने भी सराहा है। टीवी एक्ट्रेस सुम्बुल अकेली नहीं है जो सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुईं। खुद रुपाली गांगुली भी सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुईं। जब रुपाली गांगुली का अपनी सौतेली बेटी ईशा वर्मा से विवाद हुआ था तो एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया गया था। उनके बारे में काफी कुछ उल्टा-सीधा कहा गया। रुपाली ने भी ट्रोल करने वालों को सोशल मीडिया के जरिए ही जवाब दिया।

### रुपाली गांगुली ने री-शेयर की सुम्बुल की पोस्ट

सुम्बुल ने अपने बढ़ते वजन के बारे में बताया कि उन्हें साइकेट्रिस्ट ने, न्यूरोलॉजिस्ट ने कुछ मेडिसिन दी हैं, जो सूट नहीं की। इसलिए वजन बढ़ा है। साथ ही वह ट्रोलिंग करने वालों को भी चुप रहने की बात अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कहती हैं। सुम्बुल की इस पोस्ट को रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में लगाया है। वह इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए, सुम्बुल पर गर्व करने की बात भी लिखती हैं। सुम्बुल भी रुपाली को इस बात के लिए थैंक्स

# मशहूर तेलुगु सिंगर कल्पना राघवेंदर ने की सुसाइड की कोशिश

**साउथ फिल्मों की प्रसिद्ध सिंगर कल्पना ने आज सुसाइड की कोशिश की है। इस खबर को सुनकर हर कोई हैरान रह गया हैं। सिंगर फिलहाल अस्पताल में एडमिट हैं और उनका इलाज चल रहा है।**

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर सिंगर कल्पना राघवेंदर ने नींद की गोलियां खाकर सुसाइड करने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में एडमिट कराया गया। कल्पना ने अपने करियर में रवि तेजा और चिरंजीवी जैसे कई कलाकारों के लिए परफॉर्म किया हैं।



### सुसाइड के लिए खाई थीं नींद की गोलियां

साउथ सिंगर कल्पना राघवेंदर ने सुसाइड की कोशिश से सभी को चौंका दिया है। उन्होंने सुसाइड करने के लिए नींद की गोलियों का इस्तेमाल किया। फिलहाल, कल्पना का इलाज अस्पताल में चल रहा है। केपीएचबी पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने कहा है कि उन्होंने नींद की गोलियां खाई थीं। बाकी जानकारी कल्पना के होश में आने के बाद मिल सकेगी।

# यामी गौतम ने बताया, क्यों नहीं की बड़े बजट की फिल्म

**अभिनेत्री** यामी गौतम ने कई मुद्दों पर खुलकर बात की। इस दौरान बताया कि उन्होंने बड़े बजट की फिल्मों को ना करने का फैसला क्यों लिया और ऐसी फिल्में क्यों ठुकरा दिया।

अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने हमेशा कंटेंट-ड्रिवेन सिनेमा को प्राथमिकता दी है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी किसी बड़ी फिल्म को अच्छी स्क्रिप्ट की कमी के कारण ठुकराया है, तो यामी ने कहा, हां।

हालांकि, उन्होंने उस प्रोजेक्ट का नाम नहीं बताया, जिसे उन्होंने ठुकराया था। अपने निर्णय पर विचार करते हुए यामी ने बताया, हर निर्णय सोच-समझकर लिया जाता है। व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों ही तरह से मैं उन प्रोजेक्ट पर समय बिताने के लिए आभारी हूं जो वास्तव में मेरे साथ जुड़ते हैं, मैं कहानी के साथ जुड़ती हूं। अभिनेत्री ने अपने दर्शकों से मिले सम्मान और प्रशंसा के लिए आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि दर्शक इसका सम्मान करते हैं और वे फिल्म के पैमाने के बजाय मेरे काम के लिए मेरी सराहना करते हैं।

यामी गौतम ने यह भी बताया कि वह कैसी स्क्रिप्ट पसंद करती हैं। अभिनेत्री ने बताया, मैं अपने नॉलेज और अभिनय पर भरोसा करती हूं।

मैं कोशिश करती हूं कि बहुत अधिक सहज ना हो जाऊं। मैं बहुत अधिक विश्लेषण नहीं करती। स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद चाहे वह मुझे उत्साहित करे या चुनौती दे, यही मेरे काम करने या ना करने के निर्णय को तैयार करती है। मैं ऐसी भूमिकाओं को निभाने में भरोसा करती हूं जो मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाती है।



# आयशा टाकिया के पति पर गोवा में मामला दर्ज

हाल ही में गोवा पुलिस ने आयशा टाकिया के पति पर लोकल लोगों को धमाके, उन्हें बंदूक दिखाने के कारण मामला दर्ज किया है। इस मामले में एक्ट्रेस ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। सलमान खान की फिल्म 'वांटेड' में नजर आई एक्ट्रेस आयशा टाकिया ने बिजनेस मैन फरहान आजमी से शादी की। हाल ही में एक्ट्रेस के पति पर गोवा में एक मामला दर्ज हुआ है। उन पर लोगों को बंदूक दिखाने और धमकाने के आरोप लगे हैं। इस बारे में एक्ट्रेस ने भी सोशल मीडिया के जरिए अपना पक्ष बताया है।

### आयशा ने बताया अपना पक्ष

आयशा टाकिया ने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट लिखा है, जिसमें वह गोवा में हुए भयावह अनुभव के बारे में बताती हैं। इस पोस्ट में आयशा ने बताया कि लगभग 150 लोगों ने उनकी कार को घेर लिया था। वे लोग आयशा के पति और बेटे को बुली कर रहे थे। एक्ट्रेस के पति ने ही पुलिस को फोन किया। आयशा अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखती हैं, ' वो हमारे परिवार के लिए डरावनी रात थी। मेरे पति और बेटे को बुरी तरह धमकाया गया और उन्हें अपनी जान का खतरा था क्योंकि गोवा के लोकल लोगों ने उन पर हमला किया, उन्हें धमकाया, परेशान किया। मेरे पति ने ही पुलिस को फोन किया, अपनी सेफ्टी के लिए।'

### महाराष्ट्र के लिए लोगों के मन में नफरत

आयशा आगे अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'गोवा में महाराष्ट्र के लिए नफरत अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। वे लोग बार-बार मेरे पति फरहान और मेरे बेटे को महाराष्ट्र से होने के कारण कोस रहे थे। अब पुलिस ने फरहान के खिलाफ ही शिकायत दर्ज की है, जबकि मेरे पति ने ही 150 लोगों की भीड़ को देखकर, पुलिस को फोन किया था।

आयशा ने कहा वीडियो प्रूफ मौजूद हैं

आयशा टाकिया ने एक और पोस्ट इंस्टाग्राम पर की और उसमें बताया कि उनके पास घटना की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। वह जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग करेंगी। साथ ही वह यह भी कहती हैं कि उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था पर पूरा यकीन है।

'कर्ज' के 45 साल पूरे, सुभाष घई बोले-

# 'रीमेक नहीं बनाऊंगा'



दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर स्टारर 'कर्ज' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 45 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म के निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने कहा कि यह फिल्म आज भी उतनी ही नई है, जितनी रिलीज के समय थी, और वह इसका रीमेक नहीं बनाएंगे।


इसी महीने मार्च में होने वाले 'रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल' में दिखाई जाने वाली इस फिल्म के बारे में सुभाष घई ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, 'कर्ज' ऐसी फिल्म है जो अपने एक्टर्स, म्यूजिक, डायलॉग और एक्टिंग के कारण हमेशा से नई बनी रही। मुक्ता आर्ट्स की 42 फिल्मों की हमारी लाइब्रेरी में 'कर्ज' आज भी एक प्रमुख फिल्म के तौर पर है। सुभाष घई ने बताया कि जब फिल्म 1980 में रिलीज हुई थी तो कई आलोचकों और व्यवसाय के दिग्गजों ने उनसे कहा था कि 'कर्ज' अपने समय से बहुत आगे है। उन्होंने कहा, मैं 'कर्ज' को साल 2025 में भी पसंदीदा फिल्मों में से एक के रूप में देखकर खुश हूं।

'कर्ज' एक रोमांटिक-थ्रिलर है, जिसमें ऋषि कपूर, टीना मुनीम और सिमी ग्रेवाल मुख्य भूमिकाओं में थीं। जब उनसे से पूछा गया कि क्या वह 1980 की फिल्म का रीमेक बनाना चाहेंगे, तो सुभाष घई ने कहा, मैं इसका रीमेक नहीं बनाऊंगा। मैंने जो कहानी सुनाई, वह पुनर्जन्म की थी, जिसमें साउंड और स्केल का इस तरह से इस्तेमाल किया गया था कि यह हर जेनरेशन के साथ काम कर सके। दर्शकों को फिल्म पसंद आई।

उन्होंने कहा, बढ़िया संगीत एक अच्छी फिल्म को लंबा जीवन देती है, मतलब कि फिल्म काफी चलती है। इसलिए इसकी सफलता का श्रेय इसके संगीत, बोल और स्क्रीन पर प्रस्तुति को जाता है। निर्देशक ने कहा, युवा फिल्म निर्माताओं को फिल्म फेस्टिवल में पुरानी क्लासिक फिल्में देखनी चाहिए और निर्माताओं के साथ बातचीत करनी चाहिए। इस साल रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में कर्ज ओपनिंग फिल्म है।

# क्या वाकई में जुदा हो गई हैं तमन्ना-विजय की राहें?

## पहले एक-दूजे के प्यार में थे पागल



बॉलीवुड अभिनेता विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया हमेशा से ही पब्लिक प्लेस में एक-दूसरे के सहज नजर आए हैं। यही नहीं बल्कि दोनों एक-दूसरे के सबसे बड़े प्रशंसक भी रहे हैं, लेकिन हाल ही में पता चला है कि दोनों ने अलग होने का फैसला किया है।

### ब्रेकअप के बाद भी अच्छे दोस्त हैं

पिंकविला के एक सूत्र के मुताबिक, तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा कुछ हफ्ते पहले ही अलग हुए हैं, लेकिन जुदा होने के बावजूद भी वे दोनों अच्छे दोस्त बने रहना चाहते हैं। तमन्ना और विजय अपने प्रोजेक्ट्स में काफी बिजी हैं। माना जा रहा है कि काम में बिजी शेड्यूल भी इन दोनों के अलग होने की वजह हो सकती है।

एक समय था जब विजय और तमन्ना एक-दूजे के साथ कई पब्लिक प्लेस पर साथ नजर आते थे। यही नहीं विजय ने तो कथित तौर पर तमन्ना के लिए अपने गहरे प्यार और खुशी का इजहार भी किया था। जीक्यू इंडिया से बातचीत के दौरान, विजय ने तमन्ना के लिए अपनी भावनाओं को खुलासा करते हुए कहा था, मुझे लगता है कि हम एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। मैं खुश हूं और उसके साथ प्यार में पागल हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान तमन्ना ने विजय की जमकर तारीफ की थी और कहा कि उन दोनों का एक स्वाभाविक रिश्ता है। तमन्ना ने यह भी कहा उनका यह रिश्ता पूरी ईमानदारी के साथ शुरू हुआ क्योंकि उन्होंने सरलता से इस रिश्ते आगे बढ़ाया।

# रणबीर कपूर की रामायण का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं दीपिका चिखलिया?

**रामानंद** सागर की टीवी सीरीज रामायण में सीता का किरदार निभा चुकीं अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें रणबीर कपूर और साई पल्लवी की आगामी फिल्म रामायण का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। रामायण, जिसे पिछले कुछ सालों में कई टीवी शो और फिल्मों में फिर से बनाया गया है। हालांकि, रामानंद सागर की टीवी सीरीज रामायण का अभी तक कोई मुकाबला नहीं कर पाया है। वहीं अब, रणबीर कपूर और साई पल्लवी कथित तौर पर निर्देशक नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। इसी बीच रामानंद सागर की रामायण में सीता की भूमिका निभा चुकीं दीपिका चिखलिया ने नितेश तिवारी की रामायण का हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया है।



## अपनी इमेज से खिलवाड़ नहीं करना चाहती दीपिका

हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान, दीपिका ने कहा कि रामानंद सागर की रामायण पर बनी टीवी सीरीज जितनी लोकप्रिय कोई और सीरीज अभी तक नहीं बनी है। दीपिका ने कहा, मैं अपनी इमेज के साथ क्यों खिलवाड़ करूं? मैं सीता हूं, मैंने इसे स्वीकार कर लिया है। निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में कथित तौर पर भगवान राम की भूमिका में रणबीर कपूर और माता सीता की भूमिका में साई पल्लवी नजर आएंगी। हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान जब दीपिका से नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण का हिस्सा बनने के बारे में सवाल किया गया तो इस पर अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें हिंदू महाकाव्य पर आधारित एक टीवी सीरीज में कौशल्या की भूमिका निभाने के लिए पूछा गया था।

साभार एजेंसी

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्मिथ का वनडे से संन्यास

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से हार के बाद फैसला, कमिंस की जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ ने वनडे से संन्यास ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी घोषणा की है। ऑस्ट्रेलिया की टीम को मंगलवार को भारत के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कप्तानी कर रहे थे।

वह टेस्ट खेलते रहेंगे। हालांकि, टी-20 इंटरनेशनल में वह काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं। 35 साल के स्मिथ ने भारत से हार के तुरंत बाद अपने साथियों को बता दिया था कि उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच खेल लिया है। स्मिथ बोले- दो वर्ल्ड कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी स्मिथ ने कहा, यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने इसके हर पल का लुत्फ उठाया है।

बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रही हैं। दो वर्ल्ड कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी और साथ ही कई शानदार टीम-साथियों ने इस सफर को साझा किया। अब लोगों के लिए 2027 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करने का एक शानदार अवसर है, इसलिए ऐसा लगता है कि संन्यास लेने का यह सही समय है। स्टीव स्मिथ की यह फोटो 2015



वनडे वर्ल्ड कप की है, जब ऑस्ट्रेलिया चैंपियन बनी थी। स्मिथ ने 170 वनडे खेले स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कुल 170 वनडे खेले और 5800 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 43.28 का और स्ट्राइक रेट 86.96 का रहा। वनडे में उनकी बेस्ट पारी 164 रन की है। वनडे में उन्होंने 35 अर्धशतक और 12 शतक लगाए हैं।

स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में फॉर्म में नहीं थे। उन्होंने तीन पारियों में 48.50 की औसत से 97 रन बनाए थे। 73 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। टेस्ट में स्मिथ ने 4 दोहरे शतक लगाए स्मिथ टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने टेस्ट में कई रिकॉर्ड्स बनाए हैं। 116 टेस्ट की 206 पारियों में स्मिथ ने 56.75 की औसत से 10,271 रन बनाए हैं। 239 रन की पारी उनकी बेस्ट पारी रही है। इस दौरान उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाए हैं। इनमें चार दोहरे शतक भी शामिल हैं। स्मिथ ने 67 टी-20 मुकाबले भी खेले हैं। इसमें उन्होंने 24.86 की औसत और 125.46 के स्ट्राइक रेट से 1094 रन बनाए। टी-20 इंटरनेशनल में उन्होंने पांच अर्धशतक भी लगाए हैं। स्मिथ ने 64 मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 आईसीसी वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रहे। वह 2015 में वनडे टीम के रेगुलर कप्तान बने थे और 64 मैचों में टीम की कप्तानी की। इसमें जीत का प्रतिशत 50 प्रतिशत रहा।



### चैंपियंस ट्रॉफी में इतिहास रचने वाले

## अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई बने नंबर-1 ऑलराउंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के ऑलराउंडर प्लेयर अजमतुल्लाह ओमरजाई आईसीसी की वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर आ गए हैं. आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की, अजमतुल्लाह अपने ही देश के मोहम्मद नबी को पीछे छोड़कर टॉप पर काबिज हो गए. नबी दूसरे नंबर पर खिसक गए. आईसीसी की ताजा ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में अजमतुल्लाह ओमरजाई ने 2 स्थान छलांग लगाकर टॉप का स्थान हासिल किया. उनके 296 रेटिंग पॉइंट्स हैं. पहले टॉप पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी थे, जो अब 292 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 2 पर आ गए हैं.

अजमतुल्लाह ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में तीनों मैच खेले थे. दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने इतिहास रचा था. वह चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच में 40 प्लस स्कोर (41) और 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने थे. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने 67 रनों की शानदार पारी खेली थी. इस मैच में उन्होंने 1 विकेट लिया था. अजमतुल्लाह ने चैंपियंस ट्रॉफी के 3 मैचों में कुल 7 विकेट लिए थे और 126 रन बनाए थे. चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान ने एक ब?ा उलटफेर किया था, उन्होंने अपने दूसरे मैच में इंग्लैंड को हराया था. इसके बाद उसके पास चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में पहुंचने का चांस बन गया था, उसे तीसरा मैच ऑस्ट्रेलिया से जीतना था. लेकिन बारिश के कारण तीसरा मैच रद्द करना पड़ा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी.

### चैंपियंस ट्रॉफी: 2025

## इस मैच का दबाव पाकिस्तान वाले मैच जैसा ही था : विराट कोहली

**दुबई, एजेंसी।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की जीत में विराट कोहली की पारी का महत्वपूर्ण रोल रहा। ऑस्ट्रेलिया से मिले 265 रन के लक्ष्य के बाद विराट ने 98 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 84 रन बनाए। मुकाबले के दौरान विराट ने ज्यादातर सिंगल-डबल पर ही फोक्स किया। मैच खत्म होने के बाद उन्होंने इस पर बात भी की।

प्लेयर ऑफ द मैच बने विराट ने कहा कि यह मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे दिन के समान ही था। यह परिस्थितियों को समझने और स्ट्राइक रोटेट करने के बारे में है क्योंकि इसकी पिच पर साझेदारियां महत्वपूर्ण होती हैं। यह सब परिस्थितियों पर निर्भर करता है। आज भी ऐसा किया। इसे समझकर अपनी पारी खेली। मेरी टाइमिंग, क्रीज पर मेरा संयम ठीक रहा। मैं जल्दबाजी में नहीं था। कोहली ने कहा कि मैच के दौरान जब मैं



सिंगल ले रहा था तो यह मेरे लिए सबसे सुखद हिस्सा था। यह खेल पूरी तरह दबाव का था।

यदि आप खेल में गहराई तक जाते हैं, तो प्रतिद्वंद्वी आमतौर पर हार मान लेते हैं। आपको अपनी भावनाओं पर काबू रखना होगा। भले ही रन रेट 6 प्रति ओवर हो, मुझे कोई परेशानी नहीं है। क्या यह अब तक आपकी बेस्ट पारी थी, सवाल पर विराट ने कहा कि मुझे नहीं पता। इसे तोड़ना आप लोगों पर निर्भर है। मैंने कभी भी उन चीजों पर ध्यान केंद्रित नहीं किया है। जब आप उन मील के पत्थर के बारे में नहीं सोचते, तो वे घटित होते हैं। अगर मैं 3 अंकों के आंकड़े तक पहुंच जाता तो बहुत अच्छा होता लेकिन जीत महत्वपूर्ण है। मेरे लिए अब वो चीजें मायने नहीं रखतीं। बता दें कि टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल की उपविजेता, 2024 टी20 विश्व कप की विजेता टीम इंडिया अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब की भी दावेदार हो गई है। टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी के अर्धशतकों की बदौलत 264 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम ने 43 रन पर दोनों ओपनर्स गंवा दिए। लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर ने 45 तो विराट कोहली ने 84 रन बनाकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। अंत में हार्दिक पांड्या (28) के साथ केएल राहुल (42 नाबाद) ने बड़ी हिट लगाकर भारत की झोली में मैच डाल दिया। अब रोहित शर्मा के पास बतौर कप्तान दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट्स जीतने का मौका बन गया है।

## रोहित की कप्तानी में भारत चौथी बार ICC Final में



**दुबई, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया चौथी बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंच गई है। सबसे पहले यह सिलसिला 2021 में शुरू हुआ था जब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में पहुंची थी। इसके बाद 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और 2024 टी20 विश्व कप फाइनल की बारी आई।

अब रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतार चढ़ाव भरे सेमीफाइनल मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद रोहित भी खुश दिखे। रोहित ने मैच की स्थितियों पर बात करते हुए कहा कि आखिरी गेंद फेंके जाने तक कुछ भी निश्चित नहीं था। आधे चरण में हमें लगा कि यह उचित स्कोर है। पिच की प्रकृति आपको शॉट खेलने की इजाजत नहीं देती। हम बल्ले से अच्छे थे। हम अपने लक्ष्य का पीछा करने में शांत और संयमित थे। आज पिच बेहतर दिख रही थी।

इसने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में थोड़ा बेहतर खेला। यह अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में है। हमारे पास बहुत सारे अनुभवी लोग हैं। यह कुछ ऐसा है जो मैं चाहता था। हमारे पास 6 गेंदबाजी विकल्प थे साथ ही बल्लेबाजी में गहराई भी। इसका श्रेय उन सभी को जाता है जो टीम बनाने में शामिल थे। उसने कई वर्षों तक ऐसा किया है।

रोहित ने कहा कि जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हम शांत थे। आखिर में हार्दिक के वो शॉट अहम थे। जब आप फाइनल में होते हैं, तो आप चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी फॉर्म में हों। इन सभी लोगों ने प्रभाव डाला है.

### सेमीफाइनल जीत के बाद आलोचकों पर भड़के गंभीर, कही दो टूक



## मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री कर ली है. उसने मंगलवार (4 मार्च) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए सेमीफाइनल मुकाबले में 4 विकेट से जीत दर्ज की. यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया. मैच में विराट कोहली ने 84 रनों की मैच विनिंग पारी खेली. इस शानदार जीत के बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए. इस दौरान उन्होंने टीम सेलेक्शन और बैटिंग ऑर्डर को लेकर जवाब दिया. जबकि कुछ सवालों पर वो भड़के भी. साथ ही गंभीर ने इस दौरान कोहली, केएल राहुल का भी सपोर्ट किया.

टीम सेलेक्शन के सवाल पर गंभीर ने कहा, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. मेरा काम है 140 करोड़ भारतीयों, खिलाड़ी और ड्रेसिंग रूम के साथ वफादार रहना. मुझे नहीं फर्क पड़ता कि लोग क्या बात कर रहे हैं, क्या बोल रहे हैं. उनका क्या एजेंडा है. आखिर में मुझे सिर्फ इसी बात से फर्क पड़ता है कि मैं अपनी नौकरी को लेकर कितना वफादार हूं. क्योंकि इससे मैं शांति से रह सकता हूं. क्रिकेट इसी तरह खेला भी जाना चाहिए. हम इसी तरह खेलते भी रहेंगे. हम जानते हैं कि अक्षर में क्या क्वालिटी और एबिलिटी है. हम उसे 5वें नंबर पर मौका देते रहेंगे ताकी वह अच्छा प्रदर्शन करता रहे.

### हम अक्षर को 5वें नंबर पर भेजते रहेंगे

स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बैटिंग के लिए भेजा जा रहा है. उनके बाद केएल राहुल और हार्दिक पंड्या जैसे प्लेयर आते हैं. अक्षर ने सेमीफाइनल में 27 रनों की अहम पारी खेली. इस ऑर्डर को लेकर गंभीर ने अक्षर का सपोर्ट किया और कहा, मैंने पहले भी कहा है कि लोग क्या कहते हैं मैं इसकी परवाह नहीं करता. मेरा मानना है कि वो क्वालिटी प्लेयर है और यही खास बात है.

## दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने संन्यास का फैसला लिया



**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में छह स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं।

ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।

### ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद बोले मोहम्मद शमी

## मेरे ऊपर अधिक जिम्मेदारी है

**दुबई, एजेंसी।** मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम की जरूरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी



ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पांड्या के साथ नई गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और पांड्या हरफनमौला है जो आम तौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में 8 विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल में चार विकेट से मिली जीत के बाद मिश्रित जोन में कहा, 'मैं अपनी लय फिर हासिल करके टीम के लिए ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहा हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। शमी ने कहा कि बुमराह की गैर मौजूदगी में उनका कार्यभार बढ़ गया है लेकिन वह शत प्रतिशत से ज्यादा देने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'जब आप अकेले मुख्य तेज गेंदबाज हैं और दूसरा हरफनमौला है तो तो कार्यभार रहता है। आपको विकेट लेकर मोर्चे से अगुआई करनी होती है। मुझे इसकी आदत हो गई है और मैं अपना शत प्रतिशत से अधिक देने की कोशिश कर रहा हूं। शमी को विश्व कप 2023 के दौरान टखने में चोट लगी थी और वह लंबे ब्रेक पर रहे। उन्होंने कहा कि अब वह लंबे स्पैल फेंकने की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि किसी को अपनी फिटनेस के बारे में बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत है। हमें प्रयास करने होंगे और देखते हैं कि शरीर इसे कैसे लेता है। हम सभी आखिर में मजदूर हैं।

## लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले पहले NBA खिलाड़ी बने




**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लेब्रोन जेम्स 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले इतिहास के पहले एनबीए खिलाड़ी बन गए हैं। 40 वर्षीय लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार ने मंगलवार को न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ घर पर एनबीए रेगुलर सीजन गेम के दौरान तीन-पॉइंटर स्कोर करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ लेकर्स के मैचअप में जेम्स को सिर्फ एक पॉइंट की जरूरत थी। उन्होंने पहले क्वार्टर में 8ः34 मिनट शेष रहते लुका डोनसिक फीड से लेफ्ट विंग से तीन-पॉइंटर लगाया। उन्होंने 34 पॉइंट, 8 रिबाउंड और 6 असिस्ट किए, जिससे लेकर्स ने पेलिकन्स पर 136-115 से जीत हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी के संयुक्त स्कोर में अब 41,871 नियमित-सीजन अंक और 8,162 पोस्टसीजन अंक शामिल हैं। वह एनबीए के इतिहास में एक किशोर के रूप में और 40 वर्ष की आयु के बाद खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं।

पिछले महीने जेम्स एनबीए के इतिहास में 40 या उससे अधिक उम्र में एक खेल में कई 40 से अधिक अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। दिग्गज माइकल जॉर्डन एकमात्र अन्य 40 वर्षीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40 से अधिक अंक हासिल किए हैं। पिछले साल दिसंबर में जेम्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स की सैक्रामेंटो किंग्स पर जीत के दौरान लीग के इतिहास में सबसे अधिक मिनट खेलते हुए छह बार के एनबीए एमवीपी करीम अब्दुल-जब्बार को पीछे छोड़ दिया। वह 7 फरवरी, 2023 को अब्दुल-जब्बार के नियमित-सीज़न स्कोरिंग रिकॉर्ड को पार करने के बाद पहले से ही लीग के शीर्ष स्कोरर थे और 25 मई, 2017 को माइकल जॉर्डन के प्लेऑफ स्कोरिंग रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

## वरुण चक्रवर्ती ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे, आईसीसी ओडीआई रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है. मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं. वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है. भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है. दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया.

**चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन:** वरुण चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं. इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं. इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट



लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं. उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं. मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं.

**टॉप 100 में पहुंचे वरुण चक्रवर्ती:** अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने टॉप 100 में एंट्री ले ली है. वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं.

**वनडे के नंबर वन गेंदबाज महीश तीक्षणा:** आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं. साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं.

# जेलेंस्की का पत्र मिला है, वह बातचीत की मेज पर लौटना चाहते हैं : अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को करीब 100 मिनट तक संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू ही हुआ है। साथ ही उन्होंने अर्थव्यवस्था, आव्रजन तथा विदेश नीति को पुन- दिशा देने में त्वरित और निरंतर कार्रवाई का श्रेय लिया। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप के संबोधन का विषय अमेरिकी सपने का नवीकरण था, जिसमें उन्होंने अपनी उपलब्धियों को सामने रखा। साथ ही कांग्रेस से अपील की कि वह उनके आक्रामक आव्रजन अभियान को वित्तपोषित करने के लिए अधिक धन उपलब्ध कराए। ट्रंप ने कहा , यह कुछ और नहीं बल्कि तेज और अथक कार्रवाई रही। लोगों ने मुझे काम करने के लिए चुना है और मैं यह कर रहा हूं। इस दौरान उन्होंने आव्रजन, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की, साथ ही कहा कि अमेरिका का विश्वास और सम्मान लौटा है।**



लगभग 100 मिनट तक बोलने के बाद अपना भाषण समाप्त करते हुए उन्होंने कांग्रेस से कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू ही हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें एक अहम पत्र मिला है। ट्रंप ने कहा कि मंगलवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की का प्राप्त एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि युद्ध प्रभावित देश के राष्ट्रपति पुनः वार्ता की मेज पर आना चाहते हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते ओवल ऑफिस में जेलेंस्की की ट्रंप के साथ तीखी नोकझोंक हुई थी जिसके बाद रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के लिए वार्ता को विफल माना जा रहा था। ट्रंप ने कहा,हमने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है और हमें इस बात के मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि अमेरिकी सरकार अफगानिस्तान से सैनिकों की वापसी के अंतिम दिनों में एबी गेट पर हुए बम विस्फोट के एक संदिग्ध को प्रत्यर्पित कर रही है। इस हमले में 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। व्हाइट हाउस ने उस व्यक्ति की पहचान मोहम्मद शरीफुल्ला के रूप में की है और कहा है कि वह आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका आ रहा है। इसके अलावा ट्रंप ने अपने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की सराहना की और पनामा नहर को पुनः प्राप्त करने की अपनी योजनाओं का विवरण दिया। उन्होंने कहा, शुभकामनाएं, मार्को। अब हम जानते हैं कि अगर कुछ गलत हुआ तो किसे दोषी ठहराया जाए। ट्रंप ने यह भी कहा कि हमें ग्रीनलैंड चाहिए। अपने पहले कार्यकाल से ही ट्रंप ने ग्रीनलैंड को हासिल करने में रुचि दिखाई है, जो डेनमार्क का एक अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका ग्रीनलैंड के अपने भविष्य को स्वयं निर्धारित करने के अधिकार का समर्थन करता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए और उन्हें समृद्ध बनाने के लिए वह देश का अमेरिका में स्वागत करेंगे। उन्होंने ग्रीनलैंड के बारे में कहा मुझे लगता है कि हम इसे हासिल कर लेंगे। किसी न किसी तरह, हम इसे हासिल कर लेंगे।

## क्रेमलिन ने कहा, 2022 का यूक्रेनी आदेश जेलेंस्की को पुतिन के साथ बातचीत करने से रोकता है

**मॉस्को।** रूस ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति का साल 2022 का एक आदेश वोलोदिमीर जेलेंस्की को उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत में शामिल होने से रोकता है, ऐसे में सवाल उठता है कि तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए संभावित शांति वार्ता में कौन हिस्सा ले सकता है। क्रेमलिन (रूस का राष्ट्रपति कार्यालय) के प्रवक्ता दमित्रि पेस्कोव ने मॉस्को में अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के रूसी पक्ष के साथ बातचीत में शामिल होने पर अभी भी कानूनी तौर पर रोक है। पेस्कोव ने कहा कि जेलेंस्की का मंगलवार को रूस के साथ जल्द से जल्द शांति वार्ता के लिए तत्परता व्यक्त करना सकारात्मक घटनाक्रम है। हालांकि, उन्होंने यूक्रेनी आदेश की ओर इशारा करते हुए कहा, लेकिन स्थिति अब भी नहीं बदली है। रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों के संदर्भ में हाल-फिलहाल में न तो यूक्रेन और न ही पश्चिमी देशों के किसी अधिकारी ने इस यूक्रेनी आदेश पर कुछ कहा है।

## संकेत मिले हैं कि रूस शांति के लिए तैयार है, यूक्रेन बातचीत का इच्छुक है : ट्रंप

**न्यूयार्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रूस से मजबूत संकेत मिले हैं कि वह शांति के लिए तैयार है, साथ ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उन्हें पत्र लिखकर कहा है कि उनका देश वार्ता की मेज पर आने और खनिज एवं सुरक्षा संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। ट्रंप ने यह बात मंगलवार रात कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा, मैं यूक्रेन में जारी भीषण संघर्ष को समाप्त कराने के लिए भी अथक प्रयास कर रहा हूं। इस भीषण और क्रूर संघर्ष में लाखों यूक्रेनी और रूसी बेवजह मारे गए या घायल हुए हैं। इसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें मंगलवार को जेलेंस्की का पत्र मिला जिसमें उन्होंने कहा कि यूक्रेन स्थाई शांति के लिए जल्द से जल्द बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। सबसे अधिक यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं। उनके अनुसार, जेलेंस्की ने पत्र में लिखा है कि वह और उनकी टीम स्थाई शांति पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं।

## ट्रंप ने दो अप्रैल से भारत और चीन के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की



**न्यूयार्क वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन सहित अन्य देशों द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने की आलोचना की और इसे बेहद अनुचित करार दिया। ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अगले महीने से जवाबी शुल्क लगाए जाएंगे। राष्ट्रपति ने जवाबी शुल्क को लेकर अपना पक्ष रखा और कहा कि ए दो अप्रैल से लगाए जाएंगे। वह अन्य देशों से आयात पर वही शुल्क लगाना चाहते हैं, जो वे देश अमेरिका से होने वाले निर्यात पर लगाते हैं। ट्रंप ने मंगलवार रात कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ शुल्क लगाए हैं और अब हमारी बारी है कि हम उन देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल करें। यूरोपीय संघ (ईयू), चीन, ब्राजील, भारत, मेक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है। ऐसे अनेक देश हैं जो हमारी तुलना में हमसे बहुत अधिक शुल्क वसूलते हैं। यह बिल्कुल अनुचित है। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में अपने दूसरे कार्यकाल में कांग्रेस को पहली बार संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो शुल्क वसूलता है। फरवरी में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन जल्द भारत और चीन जैसे देशों पर जवाबी शुल्क लगाएगा, उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भी यह कहा था। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत को अमेरिका के जवाबी शुल्क से नहीं बख्शा जाएगा और इस बात पर जोर दिया कि शुल्क संरचना पर कोई भी उनसे बहस नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों पर चीन का औसत शुल्क दोगुना है... और दक्षिण कोरिया का औसत शुल्क चार गुना ज्यादा है। जरा सोचिए, चार गुना ज्यादा और हम दक्षिण कोरिया को सैन्य रूप से तथा कई अन्य तरीकों से इतनी मदद देते हैं। लेकिन यही होता है। यह दोस्त और दुश्मन दोनों की तरफ से हो रहा है। यह प्रणाली अमेरिका के लिए उचित नहीं है।

### लाल की पिटाई के मामले में स्कैंटलबरी को जेल में ही रखा गया

## अमेरिका के फ्लोरिडा में भारतीय मूल की नर्स पर मरीज ने किया हमला

» ह्यूस्टन (अमेरिका), भाषा।

**अमेरिका में फ्लोरिडा के एक अस्पताल में भारतीय मूल की एक नर्स पर एक मरीज ने हमला कर दिया। आरोपी मरीज ने 67 वर्षीय नर्स के चेहरे पर कई बार घूंसा मारा जिससे उनकी आंखों की रोशनी जाने का खतरा है। स्थानीय मीडिया ने इस बारे में खबर दी। पुलिस ने बताया कि नर्स लीला लाल को लीलाम्मा लाल के नाम से भी जाना जाता है। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में पाम्स वेस्ट हॉस्पिटल के मनोरोग वार्ड में 18 फरवरी को 33 वर्षीय मरीज स्टीफन एरिक स्कैंटलबरी ने लीलाम्मा लाल पर हमला किया जिससे उनके चेहरे की हर हड्डी टूट गई। समाचार चैनल डब्ल्यूपीटीवी डॉट कॉम के अनुसार, स्थानीय अदालत में एक पुलिस अधिकारी ने गवाही दी कि एक वीडियो क्लिप में स्कैंटलबरी यह कहते हुए दिख रहा है, भारतीय बुरे हैं और मैंने अभी-अभी एक भारतीय डॉक्टर को पीटा है। समाचार चैनल ने बताया कि स्कैंटलबरी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और उस पर घृणा अपराध बढ़ाने का भी आरोप है। अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसे कठोर दंड मिल सकता है।**

डब्ल्यूपीटीवी डॉट कॉम ने घटना के बाद बताया कि पाम वेस्ट हॉस्पिटल का संचालन करने वाले एचसीए फ्लोरिडा हेल्थकेयर ने कहा कि हमला कुछ ही सेकंड के भीतर हुआ और कई लोगों ने इसे देखा और कहा कि लाल को हेलीकॉप्टर से वेस्ट पाम बीच के सेंट मैरी मेडिकल सेंटर ले जाया गया। डब्ल्यूपीटीवी ने कहा कि उसे एक दर्शक से एक वीडियो मिला, जिसमें संदिग्ध व्यक्ति पास की प्रमुख सड़क पर चलता दिख रहा है और वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि उसके सीने में ईसीजी लीड लगी हुई थी। वीडियो में अस्पताल के कर्मचारी और कानून प्रवर्तन अधिकारी उस व्यक्ति का व्यस्त राजमार्ग पर पीछा करते दिख रहे हैं जिन्होंने बाद में उसे हिरासत में ले लिया। अधिकारियों द्वारा दायर हलफनामे में लाल की चोट को गंभीर बताया गया और कहा गया कि पीड़िता के चेहरे की हर हड्डी टूट गई है और उनकी दोनों आंखों की रोशनी जाने की आशंका है। डब्ल्यूपीटीवी ने कहा कि पीड़िता चोट की गंभीरता के कारण जांच अधिकारियों को बयान देने में असमर्थ है। इस बीच, स्थानीय समाचार चैनल डब्ल्यूपीबीएफ 25 न्यूज ने मंगलवार शाम को कहा कि 18 फरवरी को लाल की पिटाई के मामले में स्कैंटलबरी को जेल में ही रखा गया है न्यायाधीश हॉवर्ड कोट्स ने फैसला सुनाया है कि वह समुदाय के लिए खतरा है। न्यूजपोर्टल ने कहा,लाल पर मुक्कों से हमला करने के बाद, स्कैंटलबरी पाम्स वेस्ट अस्पताल से भाग गया। उसने वहां से गुजरने वाले ड्राइवरों से उसे लिफ्ट देने की विनती की। उसने दावा किया कि नर्सें उसे मारने की कोशिश कर रही थीं। उसकी पत्नी, मेगन स्कैंटलबरी ने गुरुवार को उसकी हिरासत की सुनवाई में गवाही दी कि हमले से दो दिन पहले उसका पागलपन शुरू हुआ था। हालाँकि उसने यह भी कहा कि उसके पति में पहले कभी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ या आक्रामकता नहीं दिखाई थी। समाचार पोर्टल के इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टर द्वारा प्राप्त अदालती रिकॉर्ड से पता चला कि 2018 में, स्कैंटलबरी को कनाडा के शार्लोटाउन में अपने ससुर के चेहरे पर मुक्का मारने और फिर उसके सिर पर कार की डिक्की से चोट पहुंचाने का दोषी ठहराया गया था।

## ट्रंप के संदेश का जवाब: ग्रीनलैंड हमारा है, इसे खरीदा नहीं जा सकता: प्रधानमंत्री

» नुउक (ग्रीनलैंड), भाषा।




**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संदेश को तवज्जो न देते हुए ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री मुटे बौरुप एगेडे ने बुधवार को कहा कि ग्रीनलैंड हमारा है और इसे खरीदा नहीं जा सकता। ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन आर्कटिक द्वीप के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करता है, लेकिन अमेरिका किसी भी तरह से क्षेत्र का अधिग्रहण करेगा। एगेडे ने कहा कि द्वीप के नागरिक न तो अमेरिकी हैं और न ही डेनिश क्योंकि वे ग्रीनलैंडिक हैं। उन्होंने बुधवार को फेसबुक पर ग्रीनलैंडिक और डेनिश भाषा में एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिका को इस बात को समझने की जरूरत है। उन्होंने लिखा कि ग्रीनलैंड का भविष्य उसके खुद के लोग तय करेंगे। उनका यह पोस्ट मंगलवार को संसदीय चुनाव के लिए द्वीपवासियों के मतदान करने से एक सप्ताह पहले ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंडवासियों से की गई अपील के बाद आया।**

ट्रंप ने कहा था, हम अपना भविष्य निर्धारित करने के आपके अधिकार का पुरजोर समर्थन करते हैं और यदि आप चुनते हैं, तो हम अमेरिका में आपका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, हम आपको सुरक्षित रखेंगे। हम आपको अमीर बनाएंगे। और हम सब मिलकर ग्रीनलैंड को उन ऊंचाइयों तक ले जाएंगे जैसा आपने पहले कभी नहीं सोचा होगा। ट्रंप ने लंबे समय से अमेरिका के सहयोगी रहे डेनमार्क से ग्रीनलैंड हासिल करने की अपनी इच्छा का जिक्र किया और कहा कि उनका प्रशासन इसे हासिल करने के प्रयास में शामिल सभी लोगों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय विश्व सुरक्षा के लिए हमें वास्तव में इसकी आवश्यकता है। और मुझे लगता है कि हम इसे हासिल करने जा रहे हैं। किसी न किसी तरह, हम इसे हासिल करने जा रहे हैं। ग्रीनलैंड एक विशाल और खनिज-समृद्ध द्वीप है। यह डेनमार्क का अर्द्ध-स्वायत्त क्षेत्र है और इसके अनेक लोग इस पर कब्ज़ा करने की ट्रंप की धमकियों से चिंतित एवं आहत हैं। ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने बुधवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ग्रीनलैंडवासी अमेरिका का हिस्सा बनने के लिए डेनमार्क से अलग होना चाहते हैं।

### न्यूज ब्रीफ

## बांग्लादेश को हसीना के प्रत्यर्पण संबंधी अनुरोध पर भारत से कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला: यूनुस

» ढाका, भाषा।



**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि ढाका ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को औपचारिक पत्र भेजे थे, लेकिन नई दिल्ली से कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की खबर के अनुसार, ब्रिटेन के चैनल स्काई न्यूज को दिए साक्षात्कार में यूनुस ने कहा कि हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध के लिए मुकदमा चलाया जाएगा। बांग्लादेश में पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व में व्यापक पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद हसीना (77) भारत आ गई थीं और वह गत पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य एवं असैन्य अधिकारियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।**

यूनुस ने कहा, मुकदमा चलाया जाएगा। न केवल उनके (हसीना) खिलाफ, बल्कि उनसे जुड़े सभी लोगों के खिलाफ भी। बांग्लादेश ने उनके खिलाफ दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। यूनुस ने कहा कि उन्होंने औपचारिक पत्र भेजे थे, लेकिन नई दिल्ली से कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला। पिछले वर्ष भारत ने नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग से नोट वर्बल या राजनयिक संदेश प्राप्त होने की पुष्टि की थी, लेकिन इस पर टिप्पणी करने से परहेज किया था।नोट वर्बल कूटनीतिक संचार का एक तरीका है। इसका इस्तेमाल किसी देश की स्थिति बताने या किसी काम का अनुरोध करने के लिए किया जाता है। यूनुस ने हालांकि जोर देकर कहा कि हसीना को मुकदमे का सामना करना होगा। हसीना, सेना और पुलिस पर जुलाई और अगस्त में प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई करने का भी आरोप है।

## सेना ने उपराष्ट्रपति के घर को घेरा, उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया

» जुबा, भाषा।

**दक्षिण सूडान के सैनिकों ने बुधवार को राजधानी में उपराष्ट्रपति रीक माचर के घर को घेर लिया और उनके कई सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। यह घटनाक्रम देश के उत्तर में स्थित एक सैन्य प्रतिष्ठान पर माचर से संबद्ध एक सशस्त्र समूह द्वारा हमला किए जाने के बाद हुआ। राष्ट्रपति साल्वा कीर के साथ माचर की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता अतीत में गृहयुद्ध में बदल चुकी है। माचर ने पिछले महीने कहा था कि सरकार में पदों से उनके कई सहयोगियों को हटाए जाने से उनके और कीर के बीच 2018 के शांति समझौते को खतरा पैदा हो गया है।**

शांति समझौते के तहत पांच साल से जारी गृहयुद्ध पर विराम लग गया था जिसमें चार लाख से अधिक लोग मारे गए हैं। माचर के प्रति वफादार सेना उपप्रमुख जनरल गेब्रियल डुओप लैम को उत्तर में लड़ाई के दौरान मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया, जबकि माचर के सहयोगी और पेट्रोलियम मंत्री पुओट कांग चोल को उनके अंगरक्षकों और परिवार के साथ बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारियों का कोई कारण नहीं बताया गया।

# चीन ने सैन्य आधुनिकीकरण के बीच रक्षा बजट बढ़ाकर 249 अरब डॉलर किया

» बीजिंग, भाषा।

**चीन ने बुधवार को अपने राष्ट्रीय रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की, जिससे इस वर्ष इसका कुल रक्षा बजट 249 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। चीन द्वारा यह घोषणा युद्धपोतों और नई पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को तेजी से विकसित करने सहित सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के अपने तीव्र प्रयासों के बीच की गई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर में कहा गया है कि, प्रधानमंत्री ली क्विंग द्वारा चीन की संसद में प्रस्तुत मसौदा बजट रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष देश का नियोजित रक्षा व्यय लगभग 249 अरब अमेरिकी डॉलर है। पिछले साल चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया था।**



अमेरिका के बाद चीन के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित देश का नवीनतम रक्षा बजट 890 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चीन का रक्षा व्यय भारत के 78.8 अरब अमेरिकी डॉलर से लगभग तीन गुना अधिक है। चीन के रक्षा बजट के आंकड़ों को आलोचक काफी सतर्कता की दृष्टि से देखते हैं क्योंकि चीनी सेना द्वारा बड़े पैमाने पर सैन्य आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिसमें विमानवाहक पोतों का निर्माण, उन्नत नौसैनिक जहाजों के निर्माण में तेजी और आधुनिक स्टील्थ विमानों का निर्माण शामिल है। चीन की संसद के वार्षिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर रक्षा व्यय सहित वार्षिक बजट की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री क्विंग ने कहा कि पिछले वर्ष चीन ने राष्ट्रीय रक्षा और सैन्य आधुनिकीरण के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है।

## चीन ने अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य पांच प्रतिशत तय किया

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध और अन्य प्रतिकूलताओं के बावजूद 2025 के लिए अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य लगभग पांच प्रतिशत तय किया है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में प्रीमियर ली कियांग ने बुधवार को एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य की घोषणा की गई। यह इस बात का संकेत देता है कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक समय में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सरकार कितनी महत्वाकांक्षी है। चीन सरकार के आंकड़ों के अनुसार आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि इस साल उसकी अर्थव्यवस्था 4.6 प्रतिशत बढ़ेगी। यह आंकड़ा 2024 में पांच प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया, लगभग पांच प्रतिशत का लक्ष्य हमारे मध्यम और दीर्घकालिक वृद्धि लक्ष्यों के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है और कठिनाइयों का सामना करने तथा उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के हमारे संकल्प को दर्शाता है।

## हवाई में ज्वालामुखी से लावा फूटा, 150 फुट से ज्यादा ऊंचाई तक पहुंचा



» होनोलूलू (अमेरिका), भाषा।

**अमेरिका के हवाई में मंगलवार को ज्वालामुखी से लावा फूटा और 150 फुट से ज्यादा ऊंचाई तक गया। रुक-रुक कर हो रहे विस्फोट के कारण लावे के और ऊंचाई तक जाने की आशंका है। बिग आइसलैंड के हवाई वोलकेनोज़ नेशनल पार्क में स्थित विश्व के सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक किलाउआ के शिखर पर 23 दिसंबर से विस्फोट होना शुरू हुआ।**

मंगलवार को 12वां विस्फोट हुआ। हवाई ज्वालामुखी वेधशाला ने कहा कि सुबह हल्के प्रवाह के साथ लावा निकलना शुरू हुआ लेकिन दोपहर में इसमें तेजी आई। लावा 150 से 165 फुट तक की ऊंचाई तक गया और इसके और ऊंचाई पर जाने की आशंका है। विस्फोट से किसी भी आवासीय क्षेत्र को खतरा नहीं है।

### नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन | सुनीता विलियम्स तीन बार अंतरिक्ष स्टेशन में रह चुकी हैं

# सुनीता विलियम्स सहित दो अंतरिक्ष यात्री नौ महीने बाद आखिरकार धरती पर लौटने वाले हैं

» केप कैनावेरल, भाषा।

**नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दो अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता (सुनी) विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद आखिरकार धरती पर लौटने वाले हैं। बुच विल्मोर और भारतीय मूल की विलियम्स को अगले सप्ताह तक उनकी जगह अन्य अंतरिक्ष यात्री के आने तथा उसके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने तक इंतजार करना होगा। उसके बाद ही वे इस महीने के अंत में अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे। वे अपने स्पेसएक्स राइड होम में दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ शामिल होंगे। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान विल्मोर ने कहा कि राजनीति जीवन का हिस्सा है, लेकिन इसने उनकी और विलियम्स की वापसी में कोई भूमिका नहीं निभाई।**



हालांकि, स्पेसएक्स कैप्सूल में बदलाव के कारण उनकी वापसी का समय कुछ हफ्ते और बढ़ गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने जनवरी के अंत में कहा था कि वे अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में तेजी लाना चाहते हैं। विलंब के लिए उन्होंने पिछले प्रशासन को दोषी ठहराया। विलियम्स ने एक प्रश्न के उत्तर में मस्क के हाल के उस आह्वान पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने 2031 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को कक्षा से बाहर निकालने के नासा के प्रस्तावित डिऑर्बिट अभियान की प्रतीक्षा करने के बजाय, दो वर्षों में ही अंतरिक्ष स्टेशन को बंद करने की बात कही थी। उन्होंने परिक्रमा करने वाली प्रयोगशाला में किए जा रहे सभी वैज्ञानिक अनुसंधानों का उल्लेख किया। डिऑर्बिट करने की योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से लाकर उसे पूरी तरह से जला देना और मलबे को महासागर में गिराना शामिल है। विलियम्स ने कहा, यह जगह बहुत बढ़िया है। यह वाकई अद्भुत है, इसलिए मैं कहूंगी कि हम अभी अपने चरम पर हैं। विलियम्स तीन बार अंतरिक्ष स्टेशन में रह चुकी हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अभी शायद यह कहने का सही समय नहीं है कि सब कुछ छोड़ दिया जाए। विलियम्स ने कहा कि वह अपने पालतू कुत्तों लैब्राडोर रिट्रीवर्स से फिर से मिलने का और इंतजार नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि अप्रत्याशित रूप से लंबे समय तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहने पर सबसे कठिन दौर का उनके परिवारों ने सामना किया है। उन्होंने कहा, यह उनके लिए उतार-चढ़ाव भरा समय रहा है, शायद हमारे लिए इससे थोड़ा ज्यादा। हम यहां हैं। हमारे पास एक मिशन है। हम बस वही कर रहे हैं जो हम हर दिन करते हैं और हर दिन दिलचस्प है क्योंकि हम अंतरिक्ष में हैं। यह बहुत मजेदार है। विल्मोर और विलियम्स को उम्मीद थी कि वे पिछले साल जून में बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल की मदद से उड़ान भरेंगे। स्टारलाइनर को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने में इतनी समस्याएं हुई कि नासा ने इसे किसी को भी ले जाने के लिए बेहद खतरनाक माना और यह खाली ही लौटा आया।

# शरीफ ने पाकिस्तान की भूमिका को स्वीकार करने के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया

» इस्लामाबाद, भाषा।

**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवाद रोधी प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका को स्वीकार करने और उसकी सराहना करने के लिए बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया। ट्रंप ने मोहम्मद शरीफुल्ला उर्फ जफर की गिरफ़्तारी में मदद करने के लिए पाकिस्तानी सरकार को धन्यवाद दिया है। शरीफुल्लाह ने 2021 में एबी गेट हमले सहित कई घातक हमलों के लिए आईएसआईएस-के की ओर से गतिविधियों का समर्थन और संचालन किया था। हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एचकेआईए) पर 26 अगस्त, 2021 को हमला उस समय हुआ था, जब अमेरिकी और अन्य गठबंधन सैन्य बल अफगानिस्तान में अमेरिकी अभियान को समाप्त करने के तहत हवाई अड्डे पर निकासी अभियान संचालित कर रहे थे। हमला तालिबान द्वारा काबुल पर नियंत्रण हासिल करने के कुछ ही दिनों बाद हुआ था।**



शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवादी एक अफगान नागरिक है और उसे अफगानिस्तान की सीमा पर एक अभियान में पकड़ा गया है। शरीफ ने कहा, हम क्षेत्र में आतंकवाद रोधी प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका और समर्थन को स्वीकार करने और उसकी सराहना करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देते हैं, जिसका संदर्भ हाल ही में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा आईएसकेपी के शीर्ष स्तर के कमांडर शरीफुल्ला को पकड़े जाने से है, जो एक अफगानिस्तानी नागरिक है। उन्होंने कहा कि वांछित आतंकवादी को पाकिस्तान-अफगान सीमा क्षेत्र में संचालित किए गए एक सफल अभियान में गिरफ्तार किया गया। पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद रोधी प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,